

दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K

RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा | वर्ष-31 अंक-79 | नर्मदापुरम (होशंगाबाद) शुक्रवार 02 मई 2025 | पृष्ठ-8 | मूल्य -1 रूपये | सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना


## याचिकाकर्ता को फटकार लगाकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, क्या आप सेना का मनोबल गिराना चाहते

नई दिल्ली (ए)। सुप्रीम कोर्ट ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की न्यायिक जांच से इंकार किया है। जस्टिस सूर्यकांत और एनके सिंह की बेंच ने याचिकाकर्ता को फटकार लगाकर कहा कि, यह संवेदनशील समय है। पूरा देश वर्तमान में एकजुट होकर आतंकवाद के खिलाफ खड़ा है।

क्या आप सेना का मनोबल गिराना चाहते हैं। ऐसी याचिकाएं कोर्ट में मत लाइए।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, इसतरह की जनहित याचिकाएं दायर करने से पहले जिम्मेदारी से काम लें। देश के प्रति आप का भी



कुछ कर्तव्य है। आप रिटायर्ड जज से जांच करने के लिए कह रहे हैं। हम जांच (आतंकी हमले) के जानकार कब से बन गए। हमारा काम केवल फैसला सुनाना है। हालांकि कोर्ट ने कहा, स्टूडेंट की सुरक्षा से जुड़े मुद्दे पर हाईकोर्ट जा सकते हैं। इसके बाद तीन याचिकाकर्ताओं में से एक ने याचिका वापस ले ली। जनहित याचिका कश्मीर निवासी मोहम्मद जुनैद ने दायर की थी। याचिकाकर्ताओं में फतेश कुमार साहू और विकी कुमार का भी नाम है। याचिका में कहा गया है कि केंद्र और जम्मू-कश्मीर सरकार कश्मीर में पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

### मुख्तार अंसारी की मौत की जांच मामले में बेटे उमर को झटका, सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की याचिका

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने गैंगस्टर-राजनेता मुख्तार अंसारी की मौत की जांच मामले में बेटे उमर अंसारी की तरफ से दायर याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया. यूपी के दबंग नेता रहे मुख्तार अंसारी की बीते साल यूपी की बांदी जेल में दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी.उमर ने शुरुआत में ही पने पिता मुख्तार अंसारी के लिए सुरक्षा की मांग की थी. साथ ही उन्होंने उन्हें उत्तर प्रदेश से बाहर की जेल में भेजे जाने का अनुरोध किया था. पिता मुख्तार की मौत के बाद उमर ने इस मौत से जुड़ी परिस्थितियों की जांच की मांग की थी।.



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने खंडवा जिले के हरसूद में जनजातीय सम्मेलन में बुजुर्गों को छड़ी वितरित की।

## अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने एस जयशंकर और शहबाज शरीफ से बात की

नईदिल्ली(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को अमेरिका कम करना चाहता है। बुधवार को अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने अपने भारतीय समकक्ष एस जयशंकर और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से फोन पर बात की।

उन्होंने दोनों देशों के नेताओं से तनाव को कम करने का आग्रह किया।

अमेरिकी विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने जानकारी देते हुए बताया कि रुबियो ने बातचीत के दौरान हमले पर चिंता जताई।

प्रवक्ता के मुताबिक, रुबियो ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना जताते हुए आतंकवाद के खिलाफ वैश्विक लड़ाई में भारत के साथ मिलकर काम करने की अमेरिका की प्रतिबद्धता की पुष्टि की।


साथ ही उन्होंने दोनों देशों को क्षेत्रीय तनाव कम करने और दक्षिण एशिया में शांति-स्थिरता को बढ़ावा देने के के लिए प्रोत्साहित किया।

गुरुवार को जयशंकर ने एक्स पर बताया, कल रुबियो से पहलगाम हमले पर चर्चा हुई। इसके अपराधियों, समर्थकों, साजिशकर्ताओं को कटघरे में लाया जाना चाहिए।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री कार्यालय की एक प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक, शरीफ ने रुबियो को दक्षिण एशिया में हाल के घटनाक्रमों के संबंध में पाकिस्तान के दृष्टिकोण से अवगत कराया।

## श्रद्धालुओं के लिए खुले गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट

**पहले ही दिन उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब हजारों भक्तों ने किए गंगोत्री, यमुनोत्री धाम के दर्शन**



देहरादून, (आरएनएस)। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट बुधवार को अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर वैदिक मंत्रोच्चारण और पूजा-अर्चना के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए खोल दिए गए है. इसके साथ ही उत्तराखण्ड की चारधाम यात्रा 2025 का भी शुभारंभ हो गया है. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में कपाट का उद्घाटन समारोह में संकल्प लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम से पहली पूजा की और चारधाम यात्रा के सफल आयोजन तथा देश-प्रदेश की सुख समृद्धि एवं खुशहाली की मंगल कामना की है। पुष्कर सिंह धामी यमुनोत्री धाम के कपाट के उद्घाटन में पहुंचने वाले पहले मुख्यमंत्री हैं. इस अवसर पर गंगोत्री एवं यमुनोत्री मंदिर के ऊपर हेलिकॉप्टर से पुष्प वर्षा की गई।

धार्मिक परंपराओं के अनुसार बुधवार सुबह मां गंगा की उत्सव डोली भैरव घाटी स्थित भैरव मंदिर से चलकर गंगोत्री धाम पहुंची. गंगोत्री धाम में विशेष पूजा-अभिषेक के साथ पूर्वाह्न 10 बजकर 30 मिनट पर गंगोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोले गये. मां यमुना की डोली शनिदेव महाराज की अगुवाई में शीतकालीन प्रवास स्थल खरसाली से चलकर यमुनोत्री धाम पहुंची. धार्मिक विधि- विधान के साथ पूर्वाह्न 11 बजकर 55 मिनट पर यमुनात्री धाम के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोले गए. कपाट खुलने के अवसर पर देश विदेश से आए हजारों श्रद्धालुओं ने अखंड ज्योति के दर्शन किएं और गंगा और यमुना में स्नान कर पुण्य अर्जित किया।

गंगोत्री एवं यमुनोत्री धाम के कपाट उद्घाटन समारोह में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मां गंगा और यमुना के मंदिरों में शीश नवाया और विशेष पूजा-अर्चना की. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने दोनों धामों में पहुंचकर लोक देवताओं की डोलियों से भी आशीष प्राप्त किए. इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि अक्षय तृतीया के पावन पर्व पर चारधाम यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है।

## पहलगाम हमलाः कई दिन पहले पहुंच गए थे आतंकी, 3 और पर्यटन स्थल थे निशाने पर

नईदिल्ली(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तेजी से जांच हो रही है। इस दौरान कई अहम खुलासे भी हो रहे हैं। अब पता लगा है कि हमले के लिए आतंकी कई दिन पहले ही बैसरन पहुंच गए थे। आतंकवादियों के निशाने पर सिर्फ बैसरन ही नहीं, बल्कि कई और अन्य पर्यटन स्थल भी थे।हमले से पहले आतंकियों ने कम से कम 3 जगहों की रेकी भी की थी।सूत्रों के हवाले से कहा कि पहलगाम हमले से पहले 15 अप्रैल को आतंकियों ने 3 और जगहों पर रेकी की थी। एक आतंकी ने पहलगाम के एक पार्क की रेकी की थी, लेकिन यहां सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी होने की वजह से हमला नहीं किया गया।बैसरन के अलावा पहलगाम की आरु घाटी, एम्यूजमेंट पार्क और बेताब घाटी भी आतंकियों के निशाने पर थी, लेकिन यहां सुरक्षा ज्यादा थी।बैसरन घाटी में हमले के दौरान आतंकी अल्ट्रास्टेट कम्युनिकेशन सिस्टम का इस्तेमाल कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने ऐसे 2 उपकरणों के सिग्नल के बारे में पता लगाया है। हमले से पहले 3 ऐसे उपकरण इस क्षेत्र में एक्टिव थे।वहीं, राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए)सूत्रों का मानना है कि आतंकी अभी भी दक्षिण कश्मीर में छिपे हुए हैं। संभावना है कि और भी आतंकी छिपे हुए हैं ताकि किसी तरह की सैन्य कार्रवाई के दौरान ये कवर दे सकें।एनआईए को शक है कि ओवर ग्राउंड वर्कर्स (ओजीडब्ल्यू) ने आतंकियों की मदद की। एजेंसी ने करीब 20 ऐसे ओजीडब्ल्यू की पहचान की है, जिन पर आतंकवादियों को समर्थन देने का संदेह है।

## पाकिस्तानी नागरिकों को राहत, देश छोड़ने के लिए समयसीमा बढ़ाई गई



नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारत सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को राहत देते हुए देश छोड़ने की समयसीमा बढ़ा दी है। केंद्र सरकार ने भारत में रह रहे पाकिस्तान के नागरिकों को अगले आदेश तक वाघा-अटारी सीमा के रास्ते लौटने की अनुमति दे दी है।गृह मंत्रालय के ताजा आदेश में पिछले आदेश में संशोधन किया गया है। पहले कहा गया था कि 30 अप्रैल को सीमा बंद हो जाएगी।मंत्रालय ने कहा कि आदेश की समीक्षा की गई है और आंशिक संशोधन के साथ अब यह आदेश दिया जाता है कि पाकिस्तानी नागरिकों को उचित मंजूरी के साथ अगले आदेश तक अटारी स्थित एकीकृत जांच चौकी से भारत से पाकिस्तान जाने की अनुमति दी जा सकती है।अभी तक 6 दिनों में 55 राजनयिक और उनके सहायक कर्मचारियों सहित 786 पाकिस्तानी नागरिक अटारी-वाघा सीमा पार कर पाकिस्तान चले गए हैं।पाकिस्तान से 1,465 भारतीय वापस भारत आए हैं।जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 22 अप्रैल को 26 पर्यटकों की पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा हत्या के बाद भारत ने अल्पकालिक और सार्क वीजा रखने वालों को 27 अप्रैल तक भारत छोड़ने का निर्देश दिया था।

इसके अलावा मेडिकल वीजा रखने वालों के लिए समयसीमा 29 अप्रैल थी। गृह मंत्री अमित शाह ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों को यह सुनिश्चित करने को कहा था कि कोई भी पाकिस्तानी निर्धारित समयसीमा से अधिक भारत में न रहे।

### रामदेव ने नहीं माना दिल्ली हाई कोर्ट का आदेश, कोर्ट बोला- किसी के नियंत्रण में नहीं

नईदिल्ली(आरएनएस)। दिल्ली हाई कोर्ट ने गुरुवार को योग गुरु बाबा रामदेव को फटकार लगाते हुए अवमानना का नोटिस जारी करने की बात कही है।कोर्ट ने रामदेव को हमदर्द रूहअफजा मामले में हलफनामा दाखिल करने और विवादित टिप्पणी वाला वीडियो सोशल मीडिया से हटाने को कहा था।गुरुवार को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति अमित बंसल को बताया गया कि रामदेव ने एक बार फिर हमदर्द के रूहअफजा के खिलाफ वीडियो फिर साझा किया ह, जिससे न्यायाधीश नाराज हो गए।न्यायमूर्ति बंसल ने कहा, पतंजलि संस्थापक का आचरण यह दर्शाता है कि उनका किसी पर नियंत्रण नहीं है और वे अपनी ही दुनिया में जीते हैं।

## आतंकी तहव्वुर राणा के वॉइस सैंपल का लिया जाएगा नमूना, कोर्ट ने दी इजाजत



नईदिल्ली (आरएनएस)। पटियाला हाउस कोर्ट ने 26/11 आतंकवादी हमले के आतंकी तहव्वुर राणा की वॉइस सैंपल और लिखावट के नमूने लेने की इजाजत दे दी है। एनआईए ने कोर्ट में अर्जी इसे लेकर अर्जी दाखिल की थी, जिसमें एनआईए ने तहव्वुर राणा की वॉइस सैंपल और लिखावट के नमूने लेने की इजाजत मांगी थी। बता दें कि आतंकी तहव्वुर राणा फिलहाल 12 दिन की एनआईए की हिरासत में है। बता दें कि इससे पहले एनआईए कोर्ट ने 26/11 आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की हिरासत 12 दिन के लिए बढ़ा दी थी। बता दें कि तहव्वुर राणा को दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट से ले जाया गया था। यहां राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कोर्ट ने उसकी हिरासत अवधि 12 दिन के लिए बढ़ा दी।26/11 मुंबई हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में तहव्वुर हुसैन राणा अहम नाम है। उसे मुंबई हमले के मास्टरमाइंड डेविड कोलमैन हेडली का करीबी माना जाता है। हेडली और राणा स्कूल के समय से दोस्त थे। हेडली ने बाद में स्वीकार किया था कि वह लश्कर-ए-तैयबा और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए काम कर रहा था। इस आतंकी हमले ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया था। पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेकर आए 10 आतंकियों ने आधुनिक हथियारों से लैस होकर मुंबई में भीड़भाड़ वाली जगहों को निशाना बनाया था।




### सुल्तानपुरी में भी सीलमपुर जैसा हत्याकांड, 21 साल के सूरज को चाकुओं से गोद डाला, मौत

नईदिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके में बुधवार को चाकू मारकर एक युवक की हत्या कर दी गई। हथियारबंद बदमाशों ने युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर उसकी जान ले ली। परिजनों का आरोप है कि पुरानी रंजिश के कारण ये हत्या की गई है। मृतक की पहचान सूरज के रूप में हुई है, जिसकी उम्र 21 साल बताई जा रही है। युवक की कुछ दिन पहले ही शादी हुई थी। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मृतक के परिजनों ने बताया कि 2-3 साल से झगड़ा कर रहा था। चांद का झगड़ा था। चांद यूट्यूबर था, उसके साथ में ये लोग आए थे। हॉस्पिटल के पास आए और कार आगे लगाकर सूरज को रोका फिर चाकू मारकर चले गए। आरोपी 2-3 बाइक पर आए थे। इमरजेंसी वार्ड में उसे देखने नहीं दिया। पुलिस ने मदद नहीं की।

## धोखाधडी व कागजातों में हेराफेरी, सेज ग्रुप के मालिक संजीव अग्रवाल की पत्नी किरण को 3 साल की सजा



### आखिर कबतक रईसजादों व भ्रष्ट अफसरों की भेंट चढ़ता रहेगा अन्नदाता?

भोपाल (निप्र)। मध्यप्रदेश में जमीन नीलामी में हुई धोखाधडी एवं बैंक अधिकारियों की मिली सांठ गांठ से एक बार फिर अन्नदाता अपने आपको ठगा सा महसूस कर रहा है, हालांकि मध्यप्रदेश में रोज़ाना एक से बढकर एक मामले सामने आते रहते है वो चाहे ठगी का हो या फिर धोखाधडी या फिर अधिकारियों के भ्रष्ट दामन से जुड़ा हुआ, लेकिन इस बार जो नाम जुडा है वह मध्यप्रदेश के जाने माने रियल एस्टेट कारोबारी सेज ग्रुप के मालिक संजीव अग्रवाल की पत्नी किरण अग्रवाल का है, मिली जानकारी के मुताबिक किरण अग्रवाल को विशेष अदालत ने तीन साल की सजा सुनाई है। उक्त मामले में श्रीमती अग्रवाल ने एक जमीन की नीलामी प्रक्रिया में भाग लिया था। प्रकरण अनुसार ग्राम बकानिया के अशोक शर्मा ने वर्ष 1995 में मोटर पंप के लिए सहकारी बैंक से 29 हजार रूपए का कर्ज लिया था। 2007 तक कर्ज की वसूली के लिए बैंक के अधिकारियों ने 4.92 एकड़ कृषि भूमि कम दाम में नीलाम कर दी थी। जबकि सरकारी गाइडलाइन के हिसाब से जमीन की कीमत 3 लाख 98 हजार रूपए थी। लेकिन बैंक अफसरों ने गड़बड़ी कर जमीन को मात्र एक लाख पचास हजार रूपए में नीलाम कर दिया। इससे किसान को 2 लाख 48 हजार रूपए का नुकसान हुआ। साथ ही स्टाम्प ड्यूटी में भी सरकार को नुकसान पहुंचाया गया। आरोप है कि अधिकारियों ने फर्जी नोटशीट तैयार कर जमीन को संयुक्त पंजीयक को भेजा था। इसके बाद बिना जांच किए नीलामी को मंजूरी दी गई। जिसके पश्चात अदालत में मामले की लंबी सुनवाई के बाद विशेष न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के जज मनोज कुमार सिंह ने श्रीमती अग्रवाल और कोमल लुल्ला सहित पांच आरोपियों को तीन-तीन साल सजा और जुर्माने की सजा दी है। बाकी तीन आरोपी सहकारी बैंक के अफसर है।

### जातीय जनगणना के लिए सरकार ने शुरू की तैयारी, एआई का भी होगा इस्तेमाल




नईदिल्ली(आरएनएस)। भारत में एक बार फिर जाति जनगणना को लेकर चर्चाएं शुरू हो गई हैं. दरअसल केंद्र सरकार की ओर से ये साफ कर दिया गया है कि देश में जाति जनगणना करवाई जाएगी. सरकार की ओर से इस पूरी प्रक्रिया को वर्ष 2026 तक पूरा करने की भी उम्मीद जताई जा रही है.

इस बीच सूत्रों के हवाले से जानकारी आई है कि सरकार ने जाति जनगणना की शुरुआत कर दी है. इसके तहत जनगणना को पूरी तरह डिजिटल रखा जाएगा और इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई तकनीक का भी इस्तेमाल होगा. सूत्रों की मानें तो जाति की जनगणना के लिए जिओ फेंसिंग का इस्तेमाल होगा. दरअसल जियोफेंसिंग आभासी भौगोलिक क्षेत्र बनाने की क्रिया है जो जीपीएस ट्रैकिंग डिवाइस के क्षेत्र में प्रवेश करने या बाहर निकलने पर एक खास तरह की कार्रवाई को ट्रिगर करता है.





# सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का है सशक्त माध्यम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## सामाजिक समरसता का महाकुंभ मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह समारोह : पूर्व मंत्री गोपाल भार्गव मुख्यमंत्री सहित अन्य जन-प्रतिनिधियों ने नवदंपत्तियों को दी शुभकामनाएं, आशीर्वाद और बधाई



भोपाल(आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमारे सनातन धर्म में सभी की सुख-समृद्धि और उन्नति की कामना की गई है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह सामाजिक समरसता का सशक्त माध्यम है। विवाह में सिर्फ वर-वधु का विवाह नहीं, बल्कि दो परिवारों और कुटुम्बों का मिलन भी होता है। उन्होंने कहा कि हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उसकी बेटी का, उन्होंने जितने अच्छे से लालन-पालन किया उससे अच्छा लालन-पालन और प्यार उसे ससुराल में मिलेगा। इस विश्वास के साथ ही बेटी के माता-पिता उसे वर को सौंपते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सागर जिले के गढ़ाकोटा में 23वें वृहद सामूहिक विवाह समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस समारोह में 3 हजार 219 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे ।समारोह में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, मंत्री लखन पटैल, सांसद सागर संसदीय क्षेत्र श्रीमती लता वानखेडे, दमोह सांसद राहुल सिंह, पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ विधायक श्री गोपाल भार्गव, पूर्व मंत्री एवं विधायक जयंत मलैया, विधायक प्रदीप लारिया, विधायक ब्रज बिहारी पटैरिया, पूर्व विधायक श्रीमती पारुल साहू, पूर्व मंत्री रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व मंत्री श्रीमती ललिता यादव, श्रीश्री 108 किशोरदास जी महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष हीरासिंह राजपूत, नगर निगम अध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, जिला अध्यक्ष श्रीमती रानी पटैल, अभिषेक दीपू भार्गव, डॉ. अनिल तिवारी, शैलेश केसरवानी ने भी नव दंपत्तियों को वैवाहिक जीवन के शुभारंभ पर आशीर्वाद और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मुझे विश्वास है कि वर पक्ष के परिवार बहु को बेटी के समान ही प्यार और सम्मान देंगे। उन्होंने कहा कि गढ़ाकोटा में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में निकाह के साथ पुनर्विवाह भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि कल्याणियों का पुनर्विवाह एक अच्छी पहल है। यह पवित्र कार्य है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जन-प्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील करते हुए कहा कि वे कल्याणियों के पुनर्विवाह में उनका सहयोग करे ।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार कल्याणियों के पुनर्विवाह, नि:शक्तजन के विवाह और सामाजिक समरसता स्थापित करने, अंतर्जातीय विवाह को प्रोत्साहित कर रही है। उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड वीरों की भूमि है, बुन्देलखंड के वीरों का गौरवशाली इतिहास रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुन्देलखंड की पवित्र भूमि में सामूहिक कन्या विवाह के भव्य समारोह के लिए आयोजकों को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के नये संशोधन 15 मई से होंगे प्रभावी

### न्यूनतम 11 और अधिकतम 200 जोड़ों का हो सकेगा सामूहिक विवाह

भोपाल ( निप्र)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना में किये गये संशोधन 15 मई 2025 से प्रभावी होंगे। नये संशोधन में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना के लिये चार तिथियां बसंत पंचमी, अक्षय तृतीया एवं तुलसी विवाह (देवउठनी ग्यारस), एक अन्य तिथि विभाग के अनुसार निर्धारित की जा सकती है। योजना के अन्तर्गत अब सामूहिक विवाह इन्हीं तिथियों में आयोजित होंगे, जिन्हें योजना के तहत लाभ प्रदान किया जायेगा ।प्रमुख सचिव सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण श्रीमती सोनाली वायंगणकर ने बताया कि योजना के प्रभावी क्रियान्वयन और मॉनिटरिंग की दृष्टि से योजना की तिथियों का निर्धारण किया गया है। साथ ही सामूहिक विवाह समारोह में जोड़ों की न्यूनतम संख्या 11 तथा अधिकतम 200 निर्धारित की गई है। योजना का लाभ प्राप्त करने की अन्य शर्तें पूर्ववत ही रखी गयी हैं। योजना के तहत 49 हजार रूपये सीधे वधु के खाते में ट्रांसफर किये जाते हैं तथा 6 हजार रूपये की राशि आयोजनकर्ताओं को व्यवस्थाओं के लिये दिया जाता है।

## मंत्रालय में हुआ राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान "जन-गण-मन" का सामूहिक गायन



भोपाल ( निप्र)। माह के प्रथम शासकीय कार्य दिवस पर मंत्रालय स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल पार्क में राष्ट्र-गीत वंदे-मातरम एवं राष्ट्र-गान जन-गण-मन का सामूहिक गायन हुआ। इस अवसर पर पुलिस बैंड ने मधुर धुनें प्रस्तुत की। वंदे-मातरम गायन में खेल एवं युवा कल्याण, सहकारिता, मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, अपर मुख्य सचिव, संजय दुबे, सहित मंत्रालय, सतपुड़ा और विंध्याचल भवन के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जनजातीय क्षेत्रों में घर घर तक पहुँची 66 मोबाईल मेडिकल यूनिट : डॉ. विजय शाह

भोपाल ( निप्र)। जनजाति कार्य मंत्री डा. विजय शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के अंतर्गत पीएम जनमन योजना में प्रदेश के कमजोर जनजातीय समूहों के सामाजिक, आर्थिक विकास के साथ ही जनजाति वर्ग के हितग्राहयों के स्वास्थ्य सुविधाओं पर विशेष ध्यान देते हुए जनजातीय क्षेत्रों में ऐसी बसाहट वाले क्षेत्र जहाँ 5 कि. मी.के दायरे में कोई भी शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र उपलब्ध नहीं है, में मोबाईल स्वास्थ्य वैन यूनिट के माध्यम से जन-जन तक स्वास्थ्य सेवायें पहुँचाई जा रही हैं ।जनजाति कार्य विभाग केन्द्र सरकार द्वारा राज्यों में जनजाति वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए राज्य सरकार की ओर से नोडल विभाग के रूप में कार्य कर रहा है। डा0 विजय शाह ने कहा कि राज्य सरकार का प्रयास यह है कि केन्द्र सरकार द्वारा पोषित इस योजना का लाभ प्रदेश के जनजाति वर्ग के अंतिम पंक्ति के अंतिम हितग्राही को मिल सके ।प्रदेश की जनता को डबल इंजिन सरकार का भरपूर लाभ मिल सके। प्रदेश के 21 पीवीटीजी जिलों के 87 ब्लाकों में शासकीय स्वास्थ्य केन्द्र की अनुलब्धता वाले 1645 चिन्हित क्षेत्र में 66 मोबाईल मेडिकल यूनिट इस समय संचालित हैं।

## बीमारी से तनाव में आई 75 साल की वृद्धा ने खाया जहरीला पदार्थ, हुई मौत

भोपाल(ए)। गुनगा इलाके में वृद्व महिला की जहरीला पदार्थ खाने से मौत हो गई। बताया गया है की वृद्धा को कई बीमारियो ने घेर रखा था, जिसके चलते वह काफी मानसिक तनाव में रहती थी। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक थाना इलाके में स्थित ग्राम बुधौर में रहने वाली 75 साल की अजबी बाई पति राजाराम घरेलू महिला थी। उनका परिवार पेशे से खेती-किसानी करता हैं। अधिक उम्र होने के कारण अजबी बाई को कई बीमारियो ने घेर लिया था। हालांकि परिवार वाले उनका उपचार करा रहे थे, लेकिन अधिक आराम न मिलने के कारण वह घर पर ही रहते हुए अधिकतर समय दरवाजे पर ही लेटी रहती थी।

# मुस्लिम समाज ने पाकिस्तान का झंडा पैरों से रौंदा

भोपाल (आरएनएस)। पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भोपाल में पाकिस्तान के खिलाफलगातार विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। मुस्लिम युवा और महिलाएं गुरुवार को एकजुट होकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं।

समाज के प्रतिनिधियों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए बॉर्डर पर जाकर भारतीय सेना के साथ काम करने की अनुमति मांगी। इस संबंध में जिला कलेक्टर को समाज के लोगों के नाम और मोबाइल नंबरों की सूची भी सौंपी गई। युवाओं ने कहा कि आतंकवाद की इस कायराना हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। विरोध स्वरूप मुस्लिम समाज के लोगों ने पाकिस्तान का झंडा फाड़ा और पैरों तले रौंदा।

वार्ड 41 के पार्षद मोहम्मद रेहान के नेतृत्व में मुस्लिम समाज के लोग कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। इस दौरान लोगों ने 'भारत माता की जय' और 'पाकिस्तान मुर्दाबाद' के नारे लगाए। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि अब समय आ गया है जब देश का मुस्लिम समाज भी दुश्मनों को करारा जवाब देगा।

पार्षद मोहम्मद रेहान ने कहा कि हम कलेक्टर महोदय से मांग करने आए हैं कि भारत सरकार जिस प्रकार सेना को 'फ्री हैंड' देती है, उसी प्रकार भोपाल के मुस्लिम युवाओं को भी मौका दिया जाए। हमें बॉर्डर पर भेजा जाए। हम अपने खून की एक-एक बूंद देश पर न्योछावर करने को तैयार हैं। पाकिस्तान को यह बता देना चाहते हैं कि अब हिंदुस्तान का मुसलमान भी जाग चुका है।

ज्ञापन में लिखा गया है, हम अपने मादरे-वतन के लिए हर प्रकार के बलिदान को तैयार हैं। देश की रक्षा के लिए हम बॉर्डर पर जाकर सेना का साथ देना चाहते हैं। कृपया हमें अनुमति प्रदान की जाए। हम वचन देते हैं कि अनुशासन और समर्पण के साथ सेना के निर्देशों का पालन करेंगे।

## भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कृष्णा घाडगे पर एफआईआर

भोपाल (आरएनएस)। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के करीबी और भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य कृष्णा घाडगे पर भोपाल के जहांगीराबाद थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। घाडगे ने बीते रविवार को भोपाल में हनुमान जन्मोत्सव की शोभायात्रा में कांग्रेस विधायक आरिफ मसूद को जान से मारने की धमकी देते हुए पाकिस्तानी एजेंट बताया था। जहांगीराबाद पुलिस ने बीएनएस की धारा 353(2) और 351(2) के तहत केस दर्ज किया है। भोपाल मध्य सीट से कांग्रेस विधायक आरिफमसूद के करीबी और ब्लॉक कांग्रेस कमेटी जहांगीराबाद के अध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि विधायक आरिफमसूद को कृष्णा घाडगे ने एक चल समारोह में जान से मारने की धमकी दी थी।

## वक़्फ़ संशोधन एक्ट के खिलाफ 15 मिनट अंधेरे में डूबा रहा पुराना भोपाल



भोपाल(ए)। वक़्फ़ संशोधन एक्ट के खिलाफ विरोध जताने के लिए ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड द्वारा लोगों से 15 मिनट के लिए बत्ती गुल करने की अपील की गई थी। इसे लेकर मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में पुराने शहर के अनेक इलाकों में लगभग सभी लोगों ने रात 9 बजे से 9ः15 बजे तक अपने-अपने घरों, दुकानों, कार्यालयों की लाइटों को बंद कर अपना विरोध जताया। पुराने भोपाल के जहांगीराबाद, पीर गेट, इमामी गेट, इतवारा, बुधवारा, जुमेरती, नूरमहल, चौकी इमामबाड़ा, साजिदा नगर, खानू गांव, कोहेफिजा, लक्ष्मी टॉकीज, काजी कैंप, शाहजहानाबाद, बस स्टैंड, आरिफ नगर, जेपी नगर, नवाब कॉलोनी, करोंद, हाउसिंग बोर्ड, नारियल खेड़ा, रेजीमेंट रोड, टीला जमालपुरा, सहित दर्जनों क्षेत्र में 15 मिनट के लिए अंधेरा छा गया। इस दौरान केवल स्ट्रीट लाइट और आने जाने वाले वाहनों की लाइट ही नजर आ रही थी। लाइट बंद कर विरोध जताने वालों ने कहा कि वक़्फ़ संशोधन एक्ट पूरी तरह से गलत है, और सरकार को इसे रद्द करना चाहिए। इस दौरान पुराने भोपाल के संवेदनशील क्षेत्रों में भारी पुलिस बल तैनात रहा। हालांकि कहीं से भी किसी भी तरह की अप्रिय घटना की कोई सूचना नहीं आई।



राज्यपाल का पुष्प गुच्छ भेंट कर उप मुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने अभिनंदन किया।

## भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा का यूं चले जाना बड़ी क्षति

भोपाल(आरएनएस)। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नरेंद्र सलूजा जी का यूं चले जाना बेहद स्तब्ध कर देने वाला है, पिछले दो दशकों से हम दोनों ने राजनीतिक क्षेत्र में साथ काम किया, कई अवसरों पर हमारे बीच तीव्र



मतभेद भी होते रहे, तलख़ियां भी होतीं थी लेकिन एक शिष्टता और परस्पर सम्मान का भाव हमारे बीच सदैव मौजूद रहा। आखिर हो भी क्यों न, क्या यह कहने की कोई आवश्यकता है कि जो राजनीतिक ऊंचाई और लोकप्रियता उन्होंने अल्प समय में पाई थी, वह उन्हें विरासत में नहीं मिली थी। कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में अपने राजनीतिक जीवन की शुरुआत कर, अपने कठोर परिश्रम, त्वरित प्रतिक्रिया और मिलनसरिता से उन्होंने अपना मुकाम स्वयं हासिल किया था।

उनके राजनीतिक विरोधी और साथी, लगभग सभी, सामयिक मुद्दों पर उनकी त्वरित प्रतिक्रिया के कायल थे। मुझे याद है कि वर्ष 2018 के विधानसभा चुनावों के पूर्व किस तरह एक टीम के रूप में काम करते हुए हम सबने कांग्रेस के मीडिया विभाग की आक्रामकता को और तीव्र किया था, जिसके परिणाम भी सुखद रहे थे। उनके भाजपा में चले जाने के बाद भी कई टेलीविजन बहसों में हमारे बीच तीखे संवाद हुए लेकिन जब सामने मिलते तो चेहरे पर वही मधुर मुस्कान और आत्मीयता हमेशा कायम रही। अलविदा नरेंद्र भाई, ईश्वर से प्रार्थना है कि वो आपको अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें। ओम् शांति!

## भोपाल में लव जिहाद मामले पर मंत्री विश्वास कैलाश सारंग का बयान.

भोपाल(आरएनएस)। ऐसी मिसाल पेश की जायगी कि अपराधी सोचकर भी कपकपाएँगे...लव जिहाद कही भी-किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा... मामले में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई की है...इस मामले में और भी लोग शामिल हो सकते है इसीलिए एसआईटी बनाई गई है...

लव जिहाद के खिलाफसरकार ने कठोर कानून बनाया है, दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी...भोली बेटियों के धर्मांतरण का षड्यंत्र बर्दाश्त नहीं किया जायेगा...स्कूल-कॉलेज में महिला शिक्षकों के माध्यम से बेटियों से संवाद स्थापित किया जायेगा, जिससे इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति ना हो...

## सिंगाजी-पीथमपुर 400 के.व्ही. लाइन के लंबित ओ.पी.जी.डब्ल्यू. कार्य पूर्ण

### एम.पी. ट्रांसको की पहली क्राडमूस ट्रांसमिशन लाइन हुई आकाशीय बिजली से सुरक्षित

भोपाल (आरएनएस)। प्रदेश की प्रमुख संत सिंगाजी थर्मल पॉवर हाउस खंडवा-पीथमपुर 400 के.व्ही. डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन जल्द प्रारंभ होगी। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने बताया कि लंबे समय से लंबित ओ.पी.जी.डब्ल्यू. (ऑप्टिकल फाइबर ग्राउंड वायर) स्थापित करने का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया है। ओ.पी.जी.डब्ल्यू. कार्य को खरगोन जिला प्रशासन के सक्रिय सहयोग से संपन्न किया गया।

इस तकनीकी उपलब्धि से न केवल ट्रांसमिशन लाइन को आकाशीय बिजली से सुरक्षा मिली है, बल्कि इससे उच्च गति के डाटा ट्रांसफर का मार्ग भी प्रशस्त हुआ है। एम.पी. ट्रांसको की अधीक्षण अभियंता श्रीमती नीलम खन्ना ने बताया कि यह कार्य खरगोन जिले की सनावद तहसील के ग्राम सताजाना और कालबरड़ क्षेत्र से गुजरने वाले लगभग 4 किलोमीटर के हिस्से में गंभीर राइट ऑफ वे (आर.ओ.डब्ल्यू.) समस्याओं के चलते पिछले 5 वर्षों से लंबित था।

एम पी ट्रांसको की पहली क्राडमूस लाइन

एम.पी. ट्रांसको की यह पहली क्राडमूस कंडक्टर से निर्मित 140 किलोमीटर लंबी ट्रांसमिशन लाइन है, जिसमें ओ.पी.जी.डब्ल्यू. स्थापना के पश्चात तेज डाटा संचार एवं ट्रांसमिशन प्रणाली के नए आयाम जुड़ गए हैं। इससे स्काडा प्रणाली, सब-स्टेशनों के रिमोट ऑपरेशन, ट्रांसमिशन प्रोटेक्शन और मॉनिटरिंग डेटा अब जी.एस.एम. की बजाय तीव्र और विश्वसनीय फाइबर ऑप्टिक माध्यम से संचरित होंगे। साथ ही इस लाइन में उपलब्ध डार्क फाइबर को संचार कंपनियों को लीज पर भी उपलब्ध कराया जा सकेगा।

# नाबालिग बेटे के बनाये वीडियो से पति को पता चल गये पत्नि और मकान मालिक के सबंध

## -गुस्साये पति ने पहले पत्नि फिर मकान मालिक को जमकर पीटा



भोपाल(ए)। शहर के गोविंदपुरा थाना इलाके में किराये से रहने वाले एक व्यक्ति ने अपनी पत्नि और मकान मालिक को जमकर कूट दिया। उसके नाबालिग बेटे ने उसकी पत्नि और मकान मालिक के एक साथ समय बिताते समय का मौज-मस्ती में वीडियो बना लिया था। बाद में यह वीडियो पति ने देखा तो वह आगबबूला हो गया और दोनो को धुन दिया। मामले में पुलिस ने पति सहित मकान मालिक के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया है। थाना पुलिस से मिली जाकनारी के अनुसार इलाके में स्थित एक बस्ती में परिवार के साथ किराए से रहने वाला व्यक्ति प्रायवेट जॉब करता है। उसके परिवार में पत्नि सहित दो नाबालिग बेटे हैं। बीते दिनो उसने अपने मकान मालिक को जमकर पीटकर घायल कर दिया। पुलिस ने पति के खिलाफ मामला कायम कर उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो सारा मामला सामने आ गया। पति ने पुलिस को एक वीडियो दिखाया इस वीडियो में उसकी पत्नी मकान मालिक के साथ आपत्तिजनक हालत में नजर आ रही थी। पति का कहना है की उसके काम पर जाने के बाद उसकी पत्नी मकान मालिक को घर में बुलाकर उसके साथ समय बिताती थी। उन दोनो के साथ होने के दौरान यह वीडियो उसके नाबालिग बेटे ने खेल-खेल में बना लिया था, जिसकी जानकारी उसकी पत्नि को नहीं थी। बाद में बेटे का मोबाइल चलाते समय उसे पत्नि और मकान मालिक का आपत्तिजनक वीडियो देखा तो उसका दिमाग घूम गया। इसकी भनक लगने पर पहले उसने पत्नी की पिटाई लगाई इसके बाद मकान मालिक को पीट दिया। मामले में पुलिस ने मकान मालिक की शिकायत पर पति के खिलाफ मारपीट का प्रकरण और उसकी पत्नी की शिकायत पर मकान मालिक के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज किया है।

## ऑनलाइन फूड में निकली मरी हुई मक्खी

### - उपभोक्ता आयोग ने होटल को दिया 15 हजार 130 रुपये जुर्माना देने का आदेश

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल में रहने वाले एक व्यक्ति द्वारा ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप स्विगी से मंगवाये गये खाने में मरी हुई मक्खी मिलने के मामले में उपभोक्ता आयोग ने होटल को दोषी मानते हुए 15 हजार 130 रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है। मामला 25 मार्च 2024 का है, जिसके लिये पीड़ित ने एक साल तक कानूनी लड़ाई लड़ी। जानकारी के मुताबिक गौतम नगर इलाके में रहने वाले अभिषेक ने रात करीब साढ़े 10 बजे स्विगी के जरिए एक बटर खिचड़ी और लस्सी का ऑर्डर दिया था। ऑर्डर की डिलेवरी आने पर खाने का पार्सल खोलने से पहले ही पारदर्शी पैकिंग में खिचड़ी के अंदर मरी हुई मक्खी नजर आई। अभिषेक ने फौरन ही स्विगी को ईमेल और चैट के जरिए इसकी शिकायत की। लेकिन इसके जवाब में स्विगी की और से कहा गया की उन्होंने होटल को खाने का पैमेंट कर दिया दिया है, अब यह उनकी जिम्मेदारी नहीं है। परेशानी का हल नहीं मिलने पर अभिषेक ने उपभोक्ता आयोग में केस किया। मामले की सुनवाई भोपाल उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष योगेश दत्त शुक्ल और सदस्य डॉ. प्रतिभा पांडेय ने की। सुनवाई पुरी होने पर अपने फैसले में उन्होंने कहा कि खाने में मरी हुई मक्खी मिलना होटल की लापरवाही है।

## वीएचपी, बजरंग दल ने लगाये नाम पूछने की आदत डालने के पोस्टर




भोपाल(ए)। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर देश भर के साथ ही राजधानी भोपाल में भी लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। इसी कड़ी में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने भेल क्षेत्र के रत्नागिरी चौराहे पर

एक पोस्टर लगा कर अपना विरोध दर्ज कराया है। इस पोस्टर के माध्यम से कहा गया कि धर्म पूछकर आतंकवादियों ने 28 पर्यटकों को मारा। अब हमें भी धर्म पूछना पड़ेगा। आदत डालिए नाम पूछने की। अपने बच्चों के सुरक्षित भविष्य के लिए नाम पूछना पड़ेगा।

इस पोस्टर पर कांग्रेस की प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल ने कहा कि जिस तरह शहर में पोस्टर लगाए गए, वो कुछ लोगों की दूषित मानसिकता को दर्शाते हैं। यह पोस्टर लगाने की जगह अपने बच्चों को अच्छे संस्कार दें। सभी को एकजुटता से आतंकवाद के खिलाफ लड़ना है।

# आज सभी जिलों में मनेगा लाड़ली लक्ष्मी उत्सव

### एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में होगा पौध-रोपण

रतलाम, (आरएनएस)। मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना अन्तर्गत 2 मई 2025 को प्रदेश में 'लाड़ली लक्ष्मी उत्सव' जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत पर उत्साह और उमंग के साथ मनाया जाएगा। इसमें स्थानीय प्रतिनिधि, लाड़ली बालिकाएं, उनके अभिभावक, लाड़ली क्लब की अध्यक्ष और सदस्य सक्रिय रूप से भाग लेंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि लाड़ली लक्ष्मी योजना मध्यप्रदेश सरकार की बेटियों के प्रति समर्पित सोच का प्रतीक है। हमारा लक्ष्य है कि हर बेटी को सम्मान, शिक्षा और आत्म-निर्भरता के अवसर प्राप्त हों। लाड़ली लक्ष्मी उत्सव एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा। उन्होंने प्रत्येक जिला और निकाय स्तर पर कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं, जिससे समाज में बेटियों के प्रति सकारात्मक सोच और सशक्तिकरण का वातावरण तैयार हो। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी उत्सव केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि बेटियों के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के प्रति साझा संकल्प है।

लाड़ली लक्ष्मी उत्सव का संचालन स्वयं लाड़ली बालिकाओं द्वारा किया जाएगा। इसमें कन्या-पूजन, दीप प्रज्ज्वलन, लाड़ली बालिकाओं के प्रेरक उद्बोधन और 'अपराजिता' कार्यक्रम अन्तर्गत मार्शल आर्ट का प्रदर्शन जैसे विशेष कार्यक्रम शामिल है। इस उत्सव के जरिये जिला, नगरीय निकायों एवं ग्राम पंचायत स्तर पर बेटियों के सम्मान और सशक्तिकरण का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम में उत्कृष्ट उपलब्धि प्राप्त करने वाली बालिकाओं तथा लाड़ली लक्ष्मी फ्रेंडली पंचायतों का सम्मान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त एक पेड़ लाड़ली लक्ष्मी के नाम अभियान में जन-प्रतिनिधियों और बालिकाओं द्वारा पौध-रोपण भी किया जाएगा। साथ ही लाड़ली बालिकाओं को आश्वासन प्रमाण-पत्र वितरित किये जायेंगे। कार्यक्रम में लाड़ली क्लब की सदस्य बालिकाएं अपने अनुभव भी साझा करेंगी।

## नारायण किसी के प्रभाव से नहीं आते, नारायण तो बस प्रेम भाव में आते है : महर्षि उत्तम स्वामी जी

रतलाम, (आरएनएस)। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के आज विश्राम दिवस के अवसर पूज्य गुरुदेव ध्यान योगी महर्षि उत्तम स्वामी जी ने कहा कि परमात्मा के परमार्थ की समाप्ति नहीं होती सिर्फकथा की समाप्ति होती है । विश्रांति दिवस को आज श्री कृष्ण चरित्र का संपूर्ण वर्णन शिशुपाल जरासंध, जामवंत और कृष्ण युद्ध, जामवंत एवं कृष्ण संवाद, भगवान दत्तात्रेय की कथा, सुदामा चरित्र का रसपान उपस्थित धर्मालुजनों को कराया। महर्षि उत्तम स्वामी जी ने कहा कि नारायण किसी के प्रभाव से नहीं आते, नारायण तो बस प्रेम भाव में आते है । परमात्मा की भक्ति ही मोक्ष प्राप्ति का उपाय है। प्रशंसा एवं प्रहार को सहन करने की क्षमता आपके पास होना चाहिए। कलयुग में भगवान का स्मरण ही सुरक्षा का उपाय है। सात दिवसीय कथा के समापन पर स्वामी जी ने सभी को आशीर्वाद देते हुए सभी को धन्यवाद दिया और कहा कि इस तपती गर्मी में आप लोगों ने नियमित रूप से श्रद्धापूर्वक श्रीमद् भागवत कथा का रसपान किया है वह प्रशंसनीय है।

# श्रमिक दिवस पर हम्माल व किसान भाईयों के बीच पहुँचीं कलेक्टर श्रीमती चौहान

### उपार्जन केन्द्र का जायजा लिया और हम्माल व किसान भाईयों के साथ लिया शरबत का आनंद



ग्वालियर (आरएनएस)। श्रमिक दिवस पर कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान ने उपार्जन केन्द्र पर मौजूद हम्माल एवं किसान भाईयों से आत्मीयता के साथ चर्चा की। साथ ही उन्हें शरबत पान कराया, साथ ही स्वयं भी उनके साथ शरबत पिया। उन्होंने समर्थन मूल्य पर किसानों से गेहूँ उपार्जन के लिये डबरा के गंगा वेयर हाउस परिसर में प्राथमिक सहकारी संस्था बड़ी अकबई द्वारा संचालित उपार्जन केन्द्र की व्यवस्थायें श्रमिक दिवस पर देखी। इस मौके पर डबरा एसडीएम दिव्यांशु चौधरी भी मौजूद थे। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने बड़ी अकबई संस्था द्वारा गंगा वेयर हाउस परिसर में संचालित उपार्जन केन्द्र के तीनों तौल-काँटों पर गेहूँ की तुलाई करके देखी। साथ ही बारदाना की भी अलग से तौल कराई। उन्होंने स्पष्ट किया कि उपार्जन के संबंध में प्राप्त दिशा-निर्देशों के तहत तुलाई करने के समय किसानों के हितों का ध्यान रखें। श्रीमती चौहान ने कहा कि स्लॉट के अनुसार ही किसानों से खरीदी की जाए और किसी को भी अपनी उपज बेचने के लिये ज्यादा इंतजार न करना पड़े। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती चौहान ने हम्माल भाईयों से कहा कि वे प्रधानमंत्री श्रमिक बीमा व पेंशन योजनाओं से जुड़ें, इससे आप सबको 60 वर्ष के बाद नियमित पेंशन मिलेगी।

उन्होंने तहसीलदार को मंडी परिसर एवं उपार्जन केन्द्रों पर विशेष शिविर लगाकर हम्मालों व पात्र किसानों को सरकार द्वारा संचालित बीमा व पेंशन योजनाओं से जोड़ने के निर्देश दिए। उपार्जन केन्द्र प्रभारी ने इस मौके पर जानकारी दी कि इस उपार्जन केन्द्र पर 320 किसान पंजीकृत थे। इनमें से 208 किसानों ने स्लॉट बुक कराए थे, जिसमें से 148 स्लॉट के आधार पर खरीदी हो चुकी है।

## जिंदगी वो गढ़ेंगे जो पत्थर तोड़ते है - इंजी नवीन कुमार अग्रवाल

नीमच (आरएनएस)। मजदूर दिवस भारत और पूरी दुनिया में श्रमिकों के अधिकारों का प्रतिक दिन है यह दिन मजदूरों के हितों के लिए संघर्ष का प्रतीक है। यह दिन मेहनतकश लोगो को समर्पित है जो हमारे समाज और देश के निर्माण में अपनी अमूल्य भूमिका निभाते है। 1 मई को अंतरास्ट्रीय श्रमिक दिवस मनाने का उद्देश्य श्रमिकों के अधिकारो की रक्षा करना उनके योगदान को सम्मान देना और उन्हें एक बेहतर कार्य वातावरण देना है।

**मजदूरों के पैर धोकर, साफा बांधकर, मुंह मीठा कर सम्मान किया**

श्रमिकों को सम्बोधित करते हुए आप के प्रदेश प्रवक्ता इंजी नवीन कुमार अग्रवाल ने कहा की जिंदगी वो गढ़ेंगे जो पत्थर तोड़ते है अर्थात आज हम जो भौतिक सुख सुविधाओं का उपभोग करते है बिजली , पानी , यातायात ,भोजन , आवास इन सभी के पीछे अनगिनत मजदूरों का परिश्रम छुपा होता है और इनके श्रम के बिना हम अपनी सुविधा पूर्ण जिंदगी की कल्पना भी नहीं कर सकते। हम सब जानते है की राष्ट्र तभी प्रगति कर सकता है जब उसकी नीव मजबूत हो और यह नीव श्रमिक ही तैयार करते है चाहे वो सड़क बनाने वाले हो ,भवन निर्माण में लगे हो ,खेतो में खून पसीना बहाने वाले किसान हो , फैक्ट्रिया में दिन रात काम करने वाले श्रमिक हो या फिर छोटे दुकानदार और सफाई कर्मचारी हो- हर मजदुर अपने अपने स्तर पर समाज एवं राष्ट्र को आगे ले जाने के काम में झूटा हुआ है और ऐसे अवसर पर हम सभी आप लोगो को नमन करते है वंदन करते है। अग्रवाल ने कहा की वर्तमान में देश के इस महत्वपूर्ण अंग अर्थात श्रमिकों के लिए कहीं पर भी बैठने की छायादार स्थान, पानी की व्यवस्था,रेन बसेरा।, टॉयलेट जैसी मूलभूत व्यवस्था भी प्रदेश में उपलब्ध नहीं है हम आज इस अवसर पाए संकल्प लेते है की आम आदमी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनते ही हम इन सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करेंगे और श्रमिकों के हित में एक सम्मानजनक कार्य समय ,उचित वेतनमान बाल मजदूरों को शिक्षा की और आकृष्ट करना , स्वास्थ्य सेवाएं और बीमा की व्यवस्था करना जैसे कार्य करेंगे ।

# जन्मदिन पर कैलाश विजयवर्गीय ने आचार्य विशुद्ध सागर जी से लिया आशीर्वाद



इन्दौर (ए)। मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने जन्मदिन के अवसर पर तीर्थ स्वरूप जिनालय सुमतिधाम पहुंचे और पट्टाचार्य महामहिम आचार्य विशुद्ध सागर जी से आशीर्वाद ग्रहण कर कहा कि इंदौर में मैंने इतने साधु-संतों का एक साथ ऐसा भव्य समागम पहले कभी नहीं देखा। यह दृश्य मेरे जीवन का अविस्मरणीय और गौरवपूर्ण है। मां अहिल्या की नगरी इंदौर आज पुण्यभूमि बन गई है। आज देश में बढ़ती अशांति और हिंसा को संतों की तप साधना ही रोक सकते हैं। जब तक इस धरती पर पानी और अग्नि हैं, तब तक जिन शासन जयवंत रहेगा। आप सभी संत समाज को शांति और अहिंसा का मार्ग दिखाएं।

## रामघाट पर मछलियों के मरने का सिलसिला जारी बदबू से घाट पर बैठना मुश्किल, आंधी चलने से घाट की सीढ़ियों पर गिरा चैजिंग रूम


उज्जैन(ए)। शिप्रा में मछलियों के मरने का सिलसिला लगातार जारी है। हालत यह है कि गुरुवार को बदबू के चलते स्नान के लिए आए श्रद्धालुओं का घाट पर बैठना भी मुश्किल हो गया। कई श्रद्धालु नाक पर रूमाल रखकर निकलते रहे। दरअसल, पिछले दिनों भी रामघाट पर गंदे पानी और ऑक्सीजन की कमी के चलते बड़ी तादाद में मछलियों ने तड़प-तड़पकर दम तोड़ दिया था। जिसके बाद रामघाट पर नदी का जलस्तर बढ़ा गया था ताकि जलीय जीवों को पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन मिल सके लेकिन पानी गंदा होने से मछलियों के मरने का सिलसिला नहीं रुका। अभी भी गंदे पानी में मरी हुई मछलियां तैर रही हैं और उनकी बदबू से यहां आने वाले श्रद्धालु परेशान हो रहे हैं।इधर, नदी का जलस्तर बढ़ा हुआ है जो छोटी रपट को छू रहा है। ऐसे में सुरक्षा के लिहाज से लगाई गई रस्सियां और चेतावनी लिखे बोर्ड कई जगह आधे डूब गए हैं। ऐसे में खतरा भी बढ़ गया है। रामघाट पर तैराक प्रभारी ईश्वरलाल चौधरी का कहना है कि छोटी रपट तक पानी होने से खतरा तो है, ऐसे में श्रद्धालुओं का गहराई का अंदाजा नहीं रहता और हादसे हो जाते हैं। नदी का पानी छोटी रपट से डेढ़ फीट कम होना चाहिए।

## पड़ोसियों ने युवक को लट्ठ से पीटा

उज्जैन। पंवासा थाना क्षेत्र में रहने वाले युवक को पड़ोसियों ने सुबह 4 बजे लट्ठ पीटकर घायल कर दिया। परिजन ने उसे चरक अस्पताल में भर्ती कराया। उत्तम नगर पंवासा में रहने वाले हिमेश पिता महेश हाड़ा होटल में हाऊसकीपिंग का काम करता है। उसकी मां सरोज ने बताया कि सुबह 4 बजे हिमेश घर के बाहर अपने जीजा सोनू से बात कर रहा था तभी नाथूलाल, अर्जुन और सुनील नायक घर से बाहर निकले और बोले हमारे घर के बाहर शोर क्यों मचा रहा है। इसी बात को लेकर विवाद हुआ और तीनों ने हिमेश को लट्ठ से पीटकर घायल कर दिया। सरोज ने बताया कि हम तीसरी मंजिल पर थे जहां से नीचे आते तब तक बदमाश हिमेश को पीटकर घायल कर चुके थे। पंवासा थाने को इसकी सूचना दी। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लेकर केस दर्ज किया है।

# व्यापार समाचार

## धोखा हुआ तो नहीं मिलेगी कानूनी सुरक्षा, निवेशकों को इन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स से दूर रहने की चेतावनी, जानिए पूरी डिटेल




नई दिल्ली(ए)। आज के समय में मोबाईल पर कई ऐसे ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स चल रहे है जो लोगों को लाखों-करोड़ों कमाने का मौका दे रहे है। जिसको लेकर निवेशकों के लिए चेतावनी जारी की गई है। यानि ऐसे प्लेटफार्म्स सरेआम सट्टा खेलने का मंच दे रहे हैं। इन्हें 'ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म' का नाम दिया गया है। सोशल मीडिया पर कई ऐप्स और वेबसाइट्स तेजी से पॉपुलर हुई हैं, जहां लोग अपनी राय देने के बदले पैसा जीत या हार रहे हैं। अगर आप भी ऐसे ही किसी प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं तो सावधान हो जाए। क्योंकि भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (SEBI) ने इन प्लेटफॉर्म्स को लेकर बड़ी चेतावनी जारी की है। ये प्लेटफॉर्म कैसे काम करते हैं? सेबी ने इन्हें लेकर चेतावनी क्यों दी है? सेबी ने पैसा लगाने वालों को 'ओपिनियन ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म्स' से सावधान रहने की सलाह दी है। ये प्लेटफॉर्म्स ऑनलाइन गेमिंग और बेटिंग (सट्टेबाजी) मार्केट का एक नया ट्रेंड बनकर उभरे हैं, जहां यूजर्स को असल जीवन की घटनाओं (जैसे चुनाव, मैच या क्रिप्टोकरेंसी की कीमत) के नतीजों पर दांव लगाकर पैसा कमाने का लालच दिया जाता है। कुछ देशों में ऐसे प्लेटफॉर्म को रेगुलेट किया जाता है, लेकिन भारत में अब तक ये किन्हीं नियमों के दायरे में नहीं आते।

SEBI ने स्पष्ट किया है कि ओपिनियन ट्रेडिंग उसके नियमों के दायरे में नहीं आती, क्योंकि इसमें कोई प्रतिभूति (सिक्योरिटी) ट्रेड नहीं होती। हालांकि, अगर किसी प्लेटफॉर्म पर सिक्योरिटीज की ट्रेडिंग होती है, तो वह गैरकानूनी है, क्योंकि ये प्लेटफॉर्म्स SEBI के रजिस्टर्ड स्टॉक एक्सचेंज नहीं हैं। SEBI ने निवेशकों को चेतावनी दी है कि ऐसे प्लेटफॉर्म्स पर पैसा लगाने से उन्हें कोई कानूनी सुरक्षा नहीं मिलेगी। साथ ही, अगर कोई प्लेटफॉर्म नियम तोड़ता है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

एक अखबार में छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक इस इंडस्ट्री ने अब तक 4,200 करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश प्राप्त किया है। निवेश करने वालों में सिकोइया कैपिटल (PeakXV), एलिवेशन कैपिटल, एक्सेल पार्टनर्स जैसे बड़े-बड़े नाम शामिल हैं।

## महंगाई के बीच जनता के लिए बड़ी राहत, गैस सिलेंडर 17 रुपए हुआ सस्ता; जानें क्या हैं नए दाम

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन ऑयल ने एलपीजी गैस के रेट अपडेट कर दिए हैं। वहीं, आज 19 किलो वाले कॉमर्शियल सिलेंडर सस्ते हो गए हैं। कॉमर्शियल सिलेंडर के रेट में 17 रुपये तक की कटौती की गई है। आज



1 मई को कोलकाता में यही कॉमर्शियल सिलेंडर 1868.50 रुपये के बजाय अब 1851.50 रुपये का हो गया है। मुंबई में इस सिलेंडर की कीमत 1713.50 रुपये की जगह अब 1699 रुपये और चेन्नई में 1921.50 रुपये की जगह 1906.50 रुपये हो गई है। दिल्ली में अब यह 1747.50 रुपये का मिलेगा। आज 1 मई 2025 को दिल्ली में घरेलू एलपीजी सिलेंडर 853 रुपये, कोलकाता में 879 रुपये, मुंबई में 852.50 रुपये और चेन्नई में 868.50 रुपये में मिलेंगे।घरेलू एलपीजी गैस के रेट 8 अप्रैल को अपडेट हुए थे। तब सरकार ने 14.2 किलो वाले एलपीजी सिलेंडर की कीमत 50 रुपए बढ़ा दी थी। यह बढ़ोतरी लगभग एक साल बाद हुई। 1 अप्रैल को कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के दाम में बदलाव हुआ था। दिल्ली में 19 किलो वाला एलपीजी सिलेंडर 41 रुपये सस्ता होकर 1762 रुपये का हो गया और आज 1 मई को रेट में कटौती की गई है।

## भारत ने पाकिस्तानी उड़ानों के लिए बंद किया हवाई मार्ग, 23 मई तक लागू रहेगा प्रतिबंध

नई दिल्ली (ए.)। भारत ने बुधवार को पाकिस्तान के स्वामित्व वाली और संचालित उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को 23 मई तक बंद करने की घोषणा की। कुछ दिन पहले ही इस्लामाबाद ने भारतीय विमानन कंपनियों के स्वामित्व वाली और संचालित सभी उड़ानों के लिए अपने हवाई क्षेत्र को बंद करने का फैसला किया था। भारत ने इस संबंध में नोटम (नोटिस टू एयरमैन) जारी किया है, जिसके तहत पाकिस्तानी विमानों को 23 मई तक भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश करने से रोक दिया गया है। यह कदम जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच उठाया गया है। इस हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें अधिकतर पर्यटक थे। नोटम के अनुसार, यह प्रतिबंध 30 अप्रैल से 23 मई तक प्रभावी रहेगा। इस दौरान किसी भी पाकिस्तानी विमान को भारतीय हवाई क्षेत्र में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब कुछ दिन पहले पाकिस्तान ने भारतीय विमानन कंपनियों के स्वामित्व वाली और उनके द्वारा संचालित सभी उड़ानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया था, जिसके जवाब में भारत ने भी पाकिस्तानी विमानों के लिए हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंध लगा दिया था। इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति (सीसीएस) की बैठक में पहलगाम में 22 अप्रैल को हुए भीषण आतंकवादी हमले के बाद सुरक्षा परिदृश्य और भावी कार्रवाई पर चर्चा की गई।राष्ट्रीय सुरक्षा पर निर्णय लेने वाली शीर्ष संस्था की बैठक कुछ दिनों के भीतर प्रधानमंत्री आवास पर दूसरी बार हुई। सीसीएस में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री सुब्रह्मण्यम जयशंकर और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शामिल हैं। प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में आयोजित पहली सीसीएस बैठक में भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ कई कदम उठाए।भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने, अटारी सीमा को बंद करने, पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा रद्द करने, अपने कई यूट्यूब चैनलों और एक्स हैंडल को अवरुद्ध करने तथा दूतावासों में पहले से ही कम किए गए कर्मचारियों की संख्या में कटौती करके पाकिस्तान के साथ राजनयिक संबंधों को कम करने की घोषणा की, जिससे उन्हें अपने मूल देश वापस जाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## इस कंपनी ने किया बड़ा ऐलान, 1 शेयर पर देगी 56 रुपये का डिविडेंड, निवेशकों में खुशी

नई दिल्ली(ए)। नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी बजाज फाइनेंस द्वारा वित्तीय नतीजे जारी करने के बाद अपने शेयरधारकों के लिए एक अच्छी खबर का ऐलान किया है।कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने शेयरहोल्डरों के लिए प्रत्येक शेयर पर कुल 56 रुपये के डिविडेंड की सिफारिश की है। बजाज फाइनेंस ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि शेयरहोल्डरों के लिए 2 रुपये की फेस वैल्यू वाले प्रत्येक शेयर पर 44 रुपये के फाइनल डिविडेंड की सिफारिश की गई है। इसके साथ ही, 12 रुपये के स्पेशल डिविडेंड की भी सिफारिश की गई है। जिससे शेयरहोल्डरों को प्रत्येक शेयर पर कुल 56 रुपये का डिविडेंड मिलेगा। बजाज फाइनेंस ने डिविडेंड के भुगतान के लिए 30 मई को रिकॉर्ड डेट फिक्स किया है। कंपनी ने बताया की एजीएम में अगर डिविडेंड के भुगतान को मंजूरी मिल जाती है तो शेयरहोल्डरों के बैंक खाते में 28 जुलाई तक डिविडेंड के पैसे ट्रांसफर कर दिए जाएंगे।बजाज फाइनेंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में उनका प्रॉफिट 16 प्रतिशत बढ़कर 3940 करोड़ रुपये रहा। वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में कंपनी को 3402 करोड़ रुपये का नेट प्रॉफिट हुआ था। कंपनी ने मंगलवार को एक एक्सचेंज फाइलिंग में बताया कि वित्त वर्ष 2024-25 की जनवरी-मार्च तिमाही में उनकी इनकम बढ़कर 15,808 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले की समान तिमाही में 12,764 करोड़ रुपये थी। कंपनी का ब्याज आय एक साल पहले के 11,201 करोड़ रुपये से बढ़कर 13,824 करोड़ रुपये हो गया। 31 मार्च, 2025 तक बजाज फाइनेंस का ₹26 प्रतिशत बढ़कर 4,16,661 करोड़ रुपये हो गया।

# भारत के साथ व्यापार समझौते के करीब अमेरिका : शीर्ष यूएस अधिकारी



वाशिंगटन (ए)। भारत और अमेरिका व्यापार समझौता के करीब हैं, लेकिन यह अभी तक पूरा नहीं हुआ है। यह बयान शीर्ष अमेरिकी ट्रेड वार्ताकार ने दिया। अमेरिकी मीडिया और पॉलिसी सर्किल में अमेरिका-भारत व्यापार समझौता की चर्चा जोरों पर है, क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से रेसिप्रोकल टैरिफ लगाने के बाद किसी देश के साथ होने वाली यूएस की यह पहली ट्रेड डील हो सकती है। फिलहाल, अपने व्यापारिक साझेदार देशों के साथ समझौता करने के लिए ट्रंप ने रेसिप्रोकल टैरिफ पर 90 दिन की रोक लगा दी है।अमेरिकी ट्रेड वार्ताकार जेमिसन ग्रीर से फॉक्स न्यूज को दिए गए इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या भारत के साथ समझौता अंतिम चरण के करीब है, तो उन्होंने कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि यह अंतिम चरण है (लेकिन) यह करीब है। उन्होंने कहा, भारत के ट्रेड मंत्री के साथ मेरी बातचीत चल रही है। मैंने अपनी टीम एक सप्ताह के लिए भारत भेजी थी। वे पिछले सप्ताह यहां आए थे और मैंने उनके मुख्य वार्ताकार से मुलाकात की भी थी। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस की भारत यात्रा के बारे में पूछे जाने पर ग्रीर ने दोनों पक्षों के बीच ट्रेड बातचीत की रूपरेखा की घोषणा का जिक्र किया। ग्रीर अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव ऑफिस में एक वरिष्ठ अधिकारी हैं। उन्होंने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल में अमेरिकी ट्रेड रिप्रेजेंटेटिव रॉबर्ट लाइटहाइजर के चीफ ऑफ स्टाफ के रूप में कार्य किया था।

उस समय वह अमेरिका और भारत व्यापार समझौता के अंतिम चरण के बहुत करीब पहुंच गए थे। फरवरी 2020 में राष्ट्रपति ट्रंप की भारत यात्रा के दौरान इस समझौते की घोषणा और हस्ताक्षर किए जाने थे, लेकिन लंबी और कठिन बातचीत के बावजूद यह समझौता विफल हो गया। शीर्ष भारतीय ट्रेड वार्ताकारों ने इसके लिए अमेरिका को दोषी ठहराया और आरोप लगाया कि वे बार-बार लक्ष्य बदल रहे हैं। ग्रीर वर्तमान बातचीत के दौर में दक्षिण कोरिया के साथ व्यापार समझौते को लेकर कहीं अधिक आशावादी दिखे, उन्होंने कहा कि वे सबसे आगे दिख रहे हैं और अमेरिका की रणनीति सबसे महत्वाकांक्षी प्रस्तावों के साथ आगे बढ़ने की रही है।

## वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में इंडियन ऑयल का मुनाफा 50 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली (ए.)। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने बुधवार को वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही के नतीजों का ऐलान किया। जनवरी-मार्च अवधि में सरकारी ऑयल मार्केटिंग कंपनी को 7,264.85 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ है, जो कि सालाना आधार पर 50 प्रतिशत अधिक है। इससे पहले वित्त वर्ष 24 की मार्च तिमाही में कंपनी को 4,837.69 करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ था।वित्त वर्ष 25 की तीसरी तिमाही में कंपनी ने 2,874 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। कंपनी के मुनाफे में बढ़ोतरी की वजह रिफाइनिंग मार्जिन में सुधार, इन्वेंट्री गेन और बेहतर परिचालन दक्षता है। इंडियन ऑयल के बोर्ड ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए 10 रुपए की फेस वैल्यू वाले प्रत्येक शेयर पर 3 रुपए का डिविडेंड घोषित किया है।इंडियन ऑयल का ग्रॉस रिफाइनिंग मार्जिन (जीआरएम) 8 डॉलर प्रति बैरल रहा है। इससे पहले की तिमाही में कंपनी का जीआरएम 2.9 डॉलर प्रति बैरल था। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी का ईबीआईटीडीए मार्जिन 7 प्रतिशत रहा है, जो कि तीसरी तिमाही में 3.7 प्रतिशत था। तिमाही आधार पर कंपनी का ईबीआईटीडीए 90 प्रतिशत बढ़कर 13,572 करोड़ रुपए हो गया है, जो कि पिछली तिमाही में 7,117 करोड़ रुपए था। वित्त वर्ष 25 की चौथी तिमाही में कंपनी की ऑपरेशंस से आय बढ़कर 1.95 लाख करोड़ रुपए हो गई है, तीसरी तिमाही में यह आंकड़ा 1.94 लाख करोड़ रुपए था। इससे पहले दिन में, कंपनी ने अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी टेरा क्लीन लिमिटेड में 1,086 करोड़ रुपये के अतिरिक्त इक्विटी निवेश की घोषणा की, इस निवेश से 4.3 गीगावाट की नई रिन्यूएबल एनर्जी क्षमता स्थापित की जाएगी।

# सम्पादकीय



**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## यथार्थ को पलटने की कोशिश

आर्थिकी के नियमों के खिलाफ जाते हुए डॉनल्ड ट्रंप ने भूमंडलीकरण के दौर में बने यथार्थ को पलटने की कोशिश की। मगर इस क्रम में उन्होंने अमेरिका की कमजोरी को जग-जाहिर कर दिया है। इससे अमेरिकी रुतबे पर स्थायी प्रहार हुआ है।चीन के खिलाफ टैरिफ वॉर को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के कदम लड़खड़ाते दिख रहे हैं। पिछले दो दिन में इस बारे में खुद उन्होंने और उनके वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने अपनी कमजोरी जाहिर करने वाले बयान दिए हैँ। खबरों के मुताबिक पूंजीपतियों के साथ एक बैठक में बेसेंट ने कहा कि अमेरिका चीन पर लगाए गए टैरिफ को ज्यादा दिन लागू रखने की स्थिति में नहीं है।इसके बाद ट्रंप ने कहा कि 145 प्रतिशत बहुत ऊंची दर है, जिसे नीचे लाया जाएगा। मगर एक दिन बाद उन्होंने कहा कि ऐसा कोई फैसला अभी हुआ नहीं है। इस बीच एक अमेरिकी अखबार ने खबर दी कि टैरिफ को घटा कर 50 से 65 प्रतिशत के बीच लाया जाएगा। इन चर्चाओं से अमेरिका का शेयर बाजार संभला है।निवेशकों में धारणा बनी है कि आखिरकार ट्रंप प्रशासन बाजार की असलियत को समझने लगा है। बताया जाता है कि ट्रंप के रुख में बदलाव वॉलमार्ट, अमेजन और उपभोक्ता सामग्री स्टोर्स की मालिक कुछ अन्य कंपनियों के अधिकारियों से मुलाकात के बाद आया। इन अधिकारियों ने आगाह किया कि दो-तीन हफ्तों में जरूरी चीजों की किल्लत हो जाएगी, जिससे महंगाई में तेज बढ़ोतरी होगी। इन स्टोर्स की ज्यादातर सामग्रियां चीन से आती हैं। उसके बाद ऊंचे स्तर पर जो प्रतिक्रियाएं दिखीं, उसका संकेत यही है कि ट्रंप प्रशासन अब समाधान ढूंढ रहा है।इस क्रम में ऐसे बयान दिए गए हैं कि चीन से वार्ता होने वाली है। जबकि चीन की ओर से ऐसे कोई संकेत नहीं हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि अगर अमेरिका बातचीत से हल चाहता है, तो उसे पहले धमकी और जोर-जबरदस्ती की भाषा छोड़ कर बराबरी और दोतरफा सम्मान की भावना से आगे आना चाहिए। यह घटनाक्रम जाहिर करता है कि अर्थशास्त्र के बुनियादी नियमों के खिलाफ जाकर कोई आर्थिक मकसद हासिल नहीं हो सकता। ट्रंप ने ऐसा कर भूमंडलीकरण के दौर में बने आर्थिक यथार्थ को पलटने की कोशिश की। मगर इस क्रम में उन्होंने अमेरिका की कमजोरी को जग-जाहिर कर दिया है। इससे अमेरिकी रुतबे पर स्थायी प्रहार हुआ है।



केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) प्रमुख चिराग पासवान नई दिल्ली में डॉ. अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर के नालंदा हॉल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए.

# किसी को अंदाजा नहीं है कि क्या बड़ा होने वाला है

**अजीत द्विवेदी**

जम्मू कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में मंगलवार, 22 अप्रैल को हुए नरसंहार के बाद भारत की पहली आधिकारिक प्रतिक्रिया बुधवार, 23 अप्रैल की देर शाम को आई, जब सुरक्षा मामलों की मंत्रिमंडलीय समिति यानी सीसीएस की बैठक में पांच बड़े फैसले किए गए। यह एक त्वरित और कूटनीतिक प्रतिक्रिया है, जिस पर नागरिकों के एक बड़े समूह को निराशा हुई है। उनका कहना है कि पहलगाम जैसी बड़ी घटना के बाद भारत की प्रतिक्रिया इतनी मुलायम नहीं होनी चाहिए, बल्कि भारत को तत्काल पाकिस्तान को सबक सिखाना चाहिए। लोग सैन्य कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

सोशल मीडिया 'देशभक्तों' की खून खौलाने वाली बातों से भरा है। खून के बदले खून की मांग की जा रही है। जाहिर है ऐसी घटनाओं के बाद आम लोगों की प्रतिक्रिया ऐसी ही होती है और सरकारें बड़े सामरिक फैसले आम लोगों की प्रतिक्रिया के हिसाब से नहीं करती हैं। फिर भी यह सवाल तो है ही कि पहलगाम के बाद क्या रास्ता है?

क्या भारत सरकार पहलगाम की घटना को आगे के बड़े खतरे का संकेत समझ कर ऐसी कार्रवाई करगी, जो इससे पहले नहीं हुई हो या सरकार की प्रतिक्रिया वैसी ही होगी, जैसी उरी के बाद हुई, बालाकोट के बाद हुई या पुलवामा के बाद हुई? कह सकते हैं कि भारत



ने एयर स्ट्राइक या सर्जिकल स्ट्राइक की। लेकिन उससे हासिल क्या हुआ? क्या आतंकवाद का नेटवर्क ध्वस्त हो गया? क्या सीमा पार के सारे आतंकवादी लॉन्च पैड नष्ट हो गए? क्या आतंकवादी संगठनों के सरगना मारे गए? ऐसा कुछ नहीं हुआ।उलटे नए आतंकवादी संगठन बने, जो पहले से ज्यादा खूंखार हैं और जिनको कश्मीर के स्थानीय नागरिकों का भी ख्याल नहीं है। असल में भारत की ओर से जो प्रतिक्रिया दी गई वह तात्कालिक थी, जिसका मकसद लोगों की भावनाओं का उबाल ठंडा करना था। किसी दीर्घकालीन योजना के तहत कार्रवाई नहीं हुई। तभी ऐसी कार्रवाइयों से आंशिक सफलता हासिल हुई। यह अलग बात है कि सरकार लगातार यह नैरेटिव बनाने का प्रयास करती रही है कि नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद देश में आतंकवादी हमले नहीं हो रहे हैं। यह भी कहा जा रहा है कि अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू कश्मीर में शांति बहाल हो गई है। लेकिन यह अधूरा सच है। अनुच्छेद 370 हटने के बाद राज्य में शांति की धारणा बनी है लेकिन पूरी तरह से शांति बहाल नहीं हुई है। पिछले पांच साल की बात छोड़ दें और पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरी बार शपथ लेने के बाद की बात करें तो नौ जून 2024 से लेकर 22 अप्रैल 2025 तक आतंकवादियों ने जम्मू कश्मीर में 60 से ज्यादा लोगों की हत्या की है, जिसमें कम से कम 33 जवान हैं, जो अलग अलग सुरक्षा बलों से जुड़े हुए थे। 22 अप्रैल को पहलगाम में मारे गए 27 लोगों की संख्या जोड़ें तो पिछले 10 महीने में आतंकवादियों ने करीब 90 लोगों की हत्या की है। तभी धारणा बनाने की बजाय दीर्घकालीन सोच के साथ स्थायी शांति बहाली की योजना पर काम होना चाहिए।उसमें सरकार की ओर से किए गए फैसले कितने कारगर होंगे यह नहीं कहा जा सकता है। मिसाल के तौर पर भारत ने 65 साल पुरानी सिंधु जल संधि को रद्द कर दिया है। इसका मतलब है कि अब सिंधु, झेलम, चिनाब सहित इस स्ट्रीम की नदियों का पानी पाकिस्तान को नहीं मिलेगा। लेकिन वास्तविकता यह है कि भारत तत्काल यह पानी रोकने की स्थिति में नहीं है क्योंकि भारत ने कोई डैम या वाटर रिजर्वायर यानी जल संरक्षण का ढांचा नहीं बनाया है।

उरी हमले के बाद 2016 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि खून और पानी एक साथ नहीं बह सकता है तभी अगर भारत ने सिंधु जल संधि रद्द की होती और अगले आठ साल में नदियों का पानी रोकने का ढांचा तैयार किया होता तो पाकिस्तान को अब तक सबक मिल गया होता। लेकिन बुधवार, 23 अप्रैल को हुए फैसले का सबक मिलने में समय लगेगा।

# लोकतंत्र में रचनात्मक आलोचना बहुत जरूरी

हर्ष रंजन

वर्ष 2014 में पदभार ग्रहण करने के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने समावेश, सम्मान और सभी के लिए विकास के मंत्र के साथ शासन को गति दी है।

अल्पसंख्यक कल्याण के प्रति उनके प्रशासन की नीतियां इस दर्शन को केवल शब्दों में ही नहीं, बल्कि परिवर्तनकारी कार्य में भी रेखांकित करती हैं। लेकिन मोदी सरकार भारत के अल्पसंख्यक समुदायों विशेष रूप से मुसलमानों को सशक्त बनाने के लिए अथक प्रयास करती है तो कुछ निहित स्वार्थी तत्व जनता को गुमराह करने और बहुत जरूरी सुधारों में बाधा डालने का प्रयास करते हैं।

हाल के वर्षो में सरकार ने समाज के सभी वर्गों के उत्थान के लिए कई ऐतिहासिक पहल और योजनाएं शुरू की हैं, जिनमें बाल विकास, महिला सशक्तिकरण, वृद्धावस्था सुरक्षा, वित्तीय समावेशन, अंतिम व्यक्ति तक परिवहन व संचार संपर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य और आवास जैसे क्षेत्रों के लिए विशेष केंद्रित प्रयास शामिल हैं। पोषण अभियान, पीएम आवास योजना, समग्र शिक्षा अभियान, पीएम मुद्रा योजना और जल जीवन मिशन जैसे कार्यक्रम इस समावेशी मॉडल के उदाहरण हैं, जो सार्वभौमिक और न्यायसंगत व्यवस्था के माध्यम से अल्पसंख्यकों सहित उन लोगों को समग्र सहायता प्रदान करते हैं, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है।

वक्फ अधिनियम में सुधार के लिए सरकार का हालिया कदम भी उतना ही महत्त्वपूर्ण है, जो लंबे समय से लंबित था। मुस्लिम समुदाय के कल्याण के उद्देश्य के लिए बनाई गई वक्फ संपत्तियों में दशकों से जवाबदेही की कमी और अपारदर्शी प्रबंधन मौजूद है। नये संशोधन नियामक निरीक्षण, निष्पक्षता और पारदर्शिता लाकर इसे ठीक करने का प्रयास करते हैं। दुर्भाग्य से, इसने उन लोगों के सुनियोजित विरोध को जन्म दिया है, जो कभी यथास्थिति से लाभान्वित होते थे। उनकी बेचैनी समझी जा सकती है; लेकिन सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि विपक्ष किस तरह सांप्रदायिक बयानबाजी में उलझा रहता है और सरकार द्वारा जनता के हित में किए जा रहे ठोस प्रयासों को आसानी से नजरअंदाज कर देता है।

सरकार की गहरी प्रतिबद्धता को समझने के लिए 2025 की आगामी हज यात्रा के लिए सरकार के व्यावहारिक दृष्टिकोण को देखना ही काफी है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के समर्पित प्रयासों के तहत सऊदी अरब में भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सम्मानजनक और निर्बाध व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। कुछ ही सप्ताह पहले रिजिजू ने भारतीय तीर्थयात्रियों के लिए सम्मानजनक व्यवस्थाओं का व्यक्तिगत रूप से निरीक्षण करने और इसे सुनिश्चित करने के लिए सऊदी अरब का दौरा किया था।

यह दिखावा नहीं है। यह ऐसी सरकार का स्पष्ट प्रतिबिंब है, जो दिखावे से ज्यादा गरिमा को महत्त्व देती है। बहुत कम पिछली सरकारों ने ऐसे आध्यात्मिक महत्त्व के मामले में भारतीय मुसलमानों के लिए इस स्तर की भागीदारी और देखभाल का प्रदशर्न किया है।

इतना ही नहीं, पारदर्शिता, निष्पक्षता और समान अवसर को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने हज 2023 से 500 सीटों के विवेकाधीन हज कोटे को समाप्त कर दिया है। यह कोटा, जो पहले मंत्रियों, राजनयिकों और नौकरशाहों सहित वीआईपी के लिए आरक्षित था, अक्सर पवित्र तीर्थयात्रा प्रक्रिया में विशेषाधिकार और पक्षपात की प्रतीक थी। इसे समाप्त करके, सरकार ने कड़ा संदेश दिया है: आम मुसलमानों का कल्याण और अधिकार मायने रखते हैं। यह सुधार केवल प्रशासनिक नहीं है। यह दृष्टिकोण में बदलाव है, संरक्षण की राजनीति से जनता के सशक्तिकरण की ओर कदम है। इसके अलावा, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारतीय हज समिति के माध्यम से मुख्य कोटे के तहत चालू वर्ष में 122,518 तीर्थयात्रियों की व्यवस्था का प्रबंधन कर रहा है। सऊदी दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।


लोकतंत्र में रचनात्मक आलोचना बहुत जरूरी है। लेकिन राजनीतिक प्रभाव खोने के डर से सरकार के संतृप्ति-आधारित, समावेशी विकास दृष्टिकोण को तथ्यों के आधार पर पेश करने की बजाय गलत तरीके से पेश करना, उन समुदायों के लिए नुकसानदेह है, जिनका प्रतिनिधित्व करने का दावा आलोचक करते हैं।

# पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद

**राकेश अचल**

पहलगाम हत्याककांड के बाद भारत ने पाकिस्तान का हुक्का पानी बंद कर दिया, अच्छा किया। पाकिस्तानी नागरिकों को भारत से खदेड दिया, लेकिन क्या इससे काश्मीर में आतंकी हमले स्थाई रूप से रुक जाएंगे या ये लुकका छिपी का खेल पहले की तरह जारी रहेगा?

अगर आप गौर से देखें तो भारत ने पहलगाम हत्याकांड के बाद पाकिस्तान के खिलाफ अनेक प्रतिबंधात्मक कदम आनन फानन में उठाए किंतु सीधे हमला नहीं किया। पहले बार्डर सील किए, वीजा बंद किए, सिंधुजल रोका और अब हवाई मार्ग भी बंद कर दिया।सरकार की इन तमाम कार्रावाइयों से अमन पसंद जनता मुतमईन है। लेकिन वीर, अधीर देवतुल्य कार्यकर्त्ता अधीर हैं। पाकिस्तान के खिलाफ आक्रमण को उतावले उनके मन विचलित हैं। विचलित वे हिंदू भी हैं जिनके परिजन केवल हिंदू होने की वजह से मारे गये। लेकिन बाकी देश अपने अपने काम में लगा है। देश का काम केवल युद्ध करना ही नहीं उसे टालना भी होता है। युद्ध टलना ही चाहिए। लेकिन सवाल ये है कि असल मुद्दों को भी नहीं टालना चाहिए। हमारी या किसी भी देश की सरकार आपदा में, अवसर तलाश लेती है। चीन और अमेरिका की सरकारों ने पाकिस्तान के डर का फायदा अपने ढंग से उठाया है। ये दोनों महाशक्तियां भारत का आतंकवाद के खिलाफ समर्न कर रहीं हैं लेकिन पाकिस्तान को भी युद्धक सामान देने के लिए तैयार बैठे हैं। दोनों को भारत से आतंकित पाकिस्तान पसंद है। आतंकित, भयभीत पाकिस्तान ही दोनों को मुफीद पडता है।आने वाले दिनों में भारत और पाकिस्तान की सरकारें युद्धराग मारू गाकर अपनी जनता को असल मुद्दों से भटकाए रख सकती है। सीमा पर और देश के भीतर तनाव सरकारों को हमेशा फायदा पहुंचाता है, सरकार किस दल की है ये महत्वपूर्ण नहीं होता।कांग्रेस ने अतीत में इस तनाव का लाभ उठाया, आज भाजपा की बारी है। इस माहौल में भी सियासत दबे पांव आगे बढ रही है। जातीय जनगणना का मुद्दा अब आम सहमति की ओर बढता नजर आ रहा है। लोकसभा में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहली बार मोदी सरकार का इस मुद्दे पर सशर्त समर्धन किया है। उन्होने सरकार से जातीय जनगणना की टाइम लाइन बताने को कहा है। राजनीति और प्रेम में यही फर्क है। राजनीति बिना शर्त नहीं चलती और प्रेम शर्तें मंजूर नहीं करता। दोनों की अपनी तबीयत है। राहुल देश में प्रेम की दूकान खोले बैठे हैं क्योंकि नफरत की तो असंख्य दूकानें पहले से मौजूद हैं। बहरहाल असल मुद्दा पाकिस्तान और आतंकवाद है। इस मुद्दे पर सरकार ने हमेशा की तरह चुप्पी साध रखी है।




मेष राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपकी कठिन परिस्थितियों में आपका परिवार आपकी ढाल बनकर सामने रहेगा, इससे आपको साहस मिलेगा। आज आपको जॉब करने के नए अवसर मिलेंगे। लवमेट की पहले से चली आ रही गलत फहमियाँ आज ख़त्म होंगी, रिश्ते में मधुरता बनी रहेगी।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए ख़ास होने वाला है। आज अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करें। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। आज परिवार के सदस्य और दोस्तों के साथ समय बीत सकता है। आज का दिन आपके लिए संतोषजनक होगा। रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने की संभावना है। आपको नए-नए ऑफर भी मिल सकते हैं। अपने कॉन्टैक्ट्स पर आज ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आपमे चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है।

कर्क राशि: आज आपका दिन व्यस्तता से भरा रहेगा। आज आपको पुरानी बातों में उलझने से बचना चाहिए। छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा करने से कुछ लोग आपका विरोध कर सकते हैं, आपको अपने गुस्से पर नियंत्रण रखना चाहिए। लवमेट एक दूसरे की भावनओ को समझेंगे, कहीं बाहर घूमने का प्लान बनायेंगे। घर के बड़ो से नई बात आप सीखेंगे।

सिंह राशि: आज का दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। पुरानी देनदारी आज निपटा सकते हैं। दूसरों की भावनाएं समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी।

कन्या राशि: आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। आपको आर्थिक रूप से अपने रिश्तेदारों से मदद मिलेगी। साथ ही लेन-देन के मामलों में आपको सावधानी बरतने की जरुरत है। करियर में आपको अपने गुरु का सहयोग मिलेगा आप जीवन में आगे बढ़ेंगे। अपनी सेहत को बेहतर बनाये रखने के लिए आपको उचित भोजन पर ध्यान देना चाहिए। आज अपना ध्यान आध्यात्मिक पुस्तकें पढ़ने पर लगा सकते हैं। नव विवाहित दम्पति आज एक दूसरे को समझने में सफल होंगे।

तुला राशि: आज आपका दिन आपके लिए खुशियों की नई सौगात लाया है। जीवनसाथी की बेहतर सलाह से आपको पैसे कमाने का नया जरिया मिलेगा। मित्रों के साथ किसी बात को लेकर विचार विमर्श करेंगे। खुद को मानसिक रूप से फिट रखने के लिये आपको मैडिटेशन की हैबिट डालनी चाहिए। साथ ही आज जल्दबाजी में फैसला करने से आपको बचना चाहिए, थोड़ा सोच विचार करना अच्छा रहेगा।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन बहुत शुभ रहेगा। आज घर-परिवार में किसी मांगलिक आयोजन की रूपरेखा बनेगी। परिवार के कामों में आपका धन खर्च हो सकता है। आर्ट स्टूडेंट्स के लिए दिन फेवरेबल रहेगा, ज्यादा समय अध्ययन में गुजरेगा। आपको व्यवसाय से जुड़े सुनहरे अवसर मिलेंगे। सामाजिक स्तर पर आपकी लोकप्रियता बढ़ेगी। आज आपको बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु राशि: आज आपका दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्रोग्राम सफल होगा। आज घर के बड़े-बुजुर्ग की सेवा करने से आपको अच्छा महसूस होगा। रिश्तेदारों में आपकी तारीफ होगी। आज आपको अपनी मनपसंद चीज मिल सकती है। अपनी सेहत को ठीक रखने के लिये आज आपको तली-भुनी चीजों को खाने से बचना चाहिए, मौसमी फलों का प्रयोग आपको स्वस्थ बनाये रखने में मदद करेगा।

मकर राशि: आज आपके दिन की शुरुआत अच्छी होने वाली है। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आप कार्यक्षेत्र में चुनौतियों का सामना करने में भी सक्षम रहेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन रोज की अपेक्षा ज्यादा अच्छा रहेगा। व्यापार के क्षेत्र में थोड़ी मुश्किलों के बाद लाभ का योग बना रहेगा। बेवजह की भाग दौड़ से बचें। आध्यात्मिकता की ओर आपका रुझान होगा। आपके अच्छे काम से उच्चाधिकारी खुश होंगे। आज करियर में आपको बड़ी सफलता हासिल होगी। लवमेट के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

मीन राशि: आज आपका दिन कॉन्फिडेंस से भरा रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों के लिए आज का दिन लाभकारी है, उन्हें काम से जुड़ी बड़ी खुशखबरी मिलेगी। सही योजना के तहत आप अपने करियर में बदलाव लाने में सफल होंगे। आपका खुशनुमा व्यवहार सबको प्रभावित करेगा। जीवनसाथी के साथ डीनर करने का प्रोग्राम बनायेंगे, जिससे रिश्तों में मिठास आयेगी। आज आपको सामाजिक स्तर पर लोगों की मदद के लिए मौका मिल सकता है।

# युवा देश के नौजवानों से आएगी विकास की वैचारिक की क्रांति

**संजीव ठाकुर**

स्वामी विवेकानंद सदैव युवा शक्ति के प्रेरणा स्रोत रहे हैं। उन्होंने कहा है की मुझे कुछ साहसी और ऊर्जावान युवा पुरुष मिल जाए, तो मैं देशभर में क्रांति ला सकता हूंद्य स्वतंत्रता के बाद भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी और कर्तव्यों से युवा ऊर्जावान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा युवाओं को आगे बढ़ाने और उन पर सदैव भरोसा करने वाली नीतियां बनाते आए हैं और हमेशा युवाओं पर भरोसा किया है स्वतंत्रता संग्राम में भी मंगल पांडे ,लक्ष्मीबाई, भगत सिंह, सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, अशफाक उल्ला खान, राम प्रसाद बिस्मिल, खुदीराम बोस आदि युवाओं ने अपना सब कुछ न्योछावर कर देश को आजादी दिलाई थीद्य स्वतंत्रता के बाद भी भारत पर पाकिस्तान और चीन ने अनावश्यक आक्रमण कर भारत पर मानसिक दबाव डालना चाहा,पर भारत के नौजवान सैनिकों ने जिस साहस और वीरता के साथ सामना कर विजय प्राप्त की थी वह अत्यंत प्रशंसनीय एवं आदर्श का कार्य है। कारगिल युद्ध में भी भारत के नौजवान अधिकारी, सैनिकों ने पाकिस्तान को हराकर एक विजय गाथा लिखी थी। पेरिस ओलंपिक में भी नीरज चोपड़ा ने सिल्वर, मनु भाकर ने दो ब्रांज और विनेश फोगाट ने सेमीफाइनल में विश्व चैंपियन को हराकर भारत के युवा लोगों का दिशा दर्शन किया है। भारत के युवा गौरव की विजय गाथा किसी से छुपी नहीं है। भारत के युवा लोगों ने बुजुर्ग विद्वानों, दार्शनिकों और वैज्ञानिकों के मार्गदर्शन में देश भक्ति के अलावा अध्यात्म, धर्म,साहित्य, विज्ञान,कृषि तथा उद्योगों में पूरे विश्व में भारत का नाम रोशन किया है। भारत के युवाओं ने यूरोप में अपने परिश्रम और लगन इमानदारी से अपना परचम फैलाया है। मैक्स मूलर ने ली भारत की युवा शक्ति की सराहना करते हैं भारत को एक युवा इस निरूपित कर भविष्य की असीम संभावनाओं की ओर इंगित किया है। भारत एक युवा राष्ट्र है। और उसमें असीम संभावनाएं



अंतर्निहित हैं। वर्तमान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा शक्ति को चिन्हित कर सभी युवाओं का आह्वान कर युवा शक्ति को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। और यही कारण है की युवा शक्ति के साहस और संकल्प में जापान ओलंपिक 2020 में 7 मेडल लाकर एक इतिहास रचा है। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने भी लिखा है किदेखो हमारा विश्व में कोई नहीं उपमान था,नरदेव थे हम और भारत देवलोक के समान था भारत की महान उपलब्धियों में देश की युवा शक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। आज आई, आई, एम, आई,आई,टी, ऑल इंडिया मेडिकल इंस्टिट्यूट तथा देश के अन्य शैक्षणिक संस्थाओं से जुड़े छात्र छात्राओं के शोध और अविष्कार के चलते भारत तेजी से विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर हो रहा है। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की युवा सोच और दृढ़ संकल्प लें भारत के युवाओं में एक ऊर्जा प्रेरणा और मार्गदर्शन प्रदान किया है। यह अलग मुद्दा है कि स्वतंत्रता के बाद हमारी शिक्षा नीति ने लाखों बेरोजगार लोगों को जन्म दिया है । बेरोजगारी के दंश ने युवा शक्ति को काफी पीछे धकेल दिया है। पर नई शिक्षा नीति के आने से युवा अपने रोजगार तलाशने की ओर आगे बढ़ रहे हैं। भारत की विशाल जनसंख्या एक बड़ा रुकावट का कारण भी है। और यदि युवा संकल्प लें तो अपना निजी उद्योग और निजी व्यवसाय कर के भारत राष्ट्र को एक नई दिशा तथा सन्मार्ग प्रदान कर सकते हैं। 1979 में जयप्रकाश नारायण ने युवा शक्ति को लेकर एक बड़ा आंदोलन चलाया था। और बिहार में सत्ता परिवर्तन की हुआ था। हरिवंश राय बच्चन ने भी अपनी कविताओं में युवाओं को समझाइश दी थी।

**युग का युवा मत देख दाएं बाएं,**  
**झांक मत बगले, अगर कुछ देखना है,**  
**देखअपने वे वृषभ कंधे, जिन्हें देता चुनौती,**  
**सामने तेरे खड़ा है युग का जुआ।**

(यहां जुआ उस लकड़ी को कहते हैं जो हल चलाने के दौरान बैलों के कंधों पर रखी जाती है) सच में देश का युवा वर्ग जाग जाए और रचनात्मक कार्यों में जुड़ जाए तो देश को समृद्ध उन्नत होने से कोई नहीं रोक सकता। हमें और हमारे युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों और विवेकानंद से सीख लेकर भारत को एक नए युग की ओर ले जाना चाहिए। क्योंकि भारत का 60 प्रतिशत युवा इस देश में युग परिवर्तन और भारत की दशा और दिशा को अभिप्रेरित कर सकता है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा है किखुद वो बदलाव बनिए, जो दुनिया में आप में देखना चाहतें है।



# कई राज्यों में शुरू होगी मानसून पूर्व की बारिश, भीषण गर्मी से मिलेगी निजात



नई दिल्ली(आरएनएस)। देशभर में आंधी और बारिश से मौसम का मिजाज बदला हुआ है। पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, राजस्थान और बिहार के कई हिस्सों में अगले कुछ दिनों तक ऐसा ही मौसम रहने की संभावना है। मानसून पूर्व की गतिविधियों के चलते इन इलाकों में तापमान गिरने से गर्म हवाओं से राहत मिलने की उम्मीद है।भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के अनुसार, आज के बाद अगले 5 दिनों में उत्तर-पश्चिम हिस्सों के तापमान में 2-4 डिग्री की गिरावट आने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार, 1-3 मई के दौरान बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल और सिक्किम, पूर्वी मध्य प्रदेश, विदर्भ, छत्तीसगढ़ में गरज, बिजली और 40-50 किमी/घंटा की गति से हवा चलने की संभावना है।

अगले 7 दिनों के दौरान कर्नाटक, तटीय आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, रायलसीमा, केरल, माहे, तमिलनाडु, पुडुचेरी और कराईकल में गरज, बिजली और तेज हवाओं के साथ बारिश होने के आसार हैं। 2-3 मई को उत्तर आंतरिक कर्नाटक में 50-60 किमी/घंटा की रफ्तार से हवा चल सकती है।

खराब मौसम के चलते उत्तराखंड में शुरू हुई चारधाम यात्रा में व्यवधान पैदा हो सकता है। कहीं बारिश तो कहीं बर्फबारी की चेतावनी जारी की गई है।

मौसम विभाग ने आज प्रदेश में ओलावृष्टि और अंधड़ को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। पर्वतीय इलाकों में गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

इसके साथ ही चारधाम यात्रा मार्गों पर बारिश और ओलावृष्टि के चलते सतर्कता बरतने की हिदायत दी गई है।राजस्थान में पश्चिमी विक्षोभ से आज हीटवेव का असर कम होने लगेगा और कल (2 मई) से राज्य में बारिश की शुरुआत हो सकती है।बुधवार (30 अप्रैल) को कुछ क्षेत्रों में अधिकतम तापमान 46.4 डिग्री तक पहुंच गया, लेकिन मौसम के नए सिस्टम के सक्रिय होने से तापमान में 3-5 डिग्री की गिरावट आने की संभावना है।अगले 2 दिन बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, उदयपुर, कोटा, भरतपुर और जयपुर संभाग में गरज-बिजली चमकने के साथ हल्की बारिश की संभावना है।उत्तर प्रदेश में इन दिनों तेज हवाओं के कारण गर्मी से राहत मिली हुई है। आज प्रदेश के पश्चिमी व पूर्वी हिस्से में कहीं-कहीं पर बारिश होने और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई गई है।इस दौरान 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना है।प्रदेश में 6 मई तक बारिश होने की चेतावनी जारी की गई है और अगले 4 दिनों तक अधिकतम तापमान में कोई बदलाव होने के आसार नहीं है। दिल्ली में पिछले दिनों पड़ रही भीषण गर्मी से राहत मिलने के आसार हैं। आज से दिल्ली एनसीआर में बारिश का सिलसिला शुरू हो सकता है, जो अगले 6 दिनों तक जारी रह सकता है।

राजधानी के साथ-साथ नोएडा, गाजियाबाद, गुरुग्राम और फरीदाबाद में हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है।



मुंबई में विश्व ऑडियो विजुअल और मनोरंजन शिखर सम्मेलन 2025 के दौरान अभिनेता मोहनलाल, हेमा मालिनी, अक्षय कुमार, रजनीकांत और मिथुन चक्रवर्ती.

# इंडियन मुजाहिदीन के बाद हिब्ज उत तहरीर से जुड़ा संदिग्ध आतंकी गिरफ्तार

रांची,(आरएनएस)। आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर के झारखंड मॉड्यूल की जांच कर रही झारखंड एटीएस की टीम को एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है. एटीएस की टीम ने एक ऐसे संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है, जो पूर्व में इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था.झारखंड एटीएस की टीम ने आतंकी संगठन हिज्ब उत तहरीर से जुड़े एक और संदिग्ध आतंकी को गिरफ्तार किया है. सबसे हैरत की बात यह है कि गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी पूर्व में आतंकी संगठन इंडियन मुजाहिदीन से जुड़ा हुआ था. झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि धनबाद से जुड़े केस में पांचवे संदिग्ध को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार संदिग्ध का नाम अमार यसार है. डीजीपी अनुराग गुप्ता ने बताया कि अमार यसार को साल 2014 में राजस्थान के जोधपुर से गिरफ्तार किया गया था. उस समय उसे इंडियन मुजाहिदीन के संदिग्ध आतंकी के तौर पर गिरफ्तार किया गया था।



अजमेर में होटल नाज़ में लगी भीषण आग के बाद पुलिस ने होटल के जले हुए अवशेषों का निरीक्षण किया। इस आग में एक महिला और एक बच्चे सहित चार लोगों की मौत हो गई और अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

## अजमेर के होटल में लगी भीषण आग, एक बच्चे सहित 4 लोग जिंदा जले, 3 गंभीर

अजमेर , (आरएनएस)। शहर के डिग्गी बाजार इलाके के एक होटल में अलसुबह भीषण आग लग गई. इस हादसे में 4 लोग बुरी तरह झुलस गए, जिनकी इलाज के दौरान मौत हो गई है. डिग्गी बाजार स्थित नाज होटल में सुबह करीब 8 बजे आग लगी. देखते ही देखते आग होटल की 5वीं मंजिल तक पहुंच गई, जिससे लोगों को होटल से बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला. इस दौरान एक मां ने अपने बच्चे को आग से बचाने के लिए होटल की खिड़की से नीचे फेंक दिया. होटल में बड़ी संख्या में जायरीन ठहरे हुए थे. कई लोगों ने खिड़कियों से कूदकर अपनी जान बचाई. अजमेर पुलिस रेंज में डीआईजी ओम प्रकाश ने बताया कि आग लगने की सूचना मिलने के बाद ही तत्काल प्रशासन और पुलिस की ओर से रेस्क्यू अभियान चलाया गया. इसमें दमकल और नागरिक सुरक्षा से जुड़े हुए जवान भी मौजूद थे. उन्होंने बताया कि होटल से कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है. इस प्रयास में रेस्क्यू टीम में शामिल दो-तीन लोगों को धुएं के कारण घबराहट हुई है और उनकी तबीयत बिगड़ी है, जिन्हें जेएलएन अस्पताल भेजा गया है.

# आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिसीमन को लेकर सुप्रीम कोर्ट जल्द सुनाएगा फैसला

नई दिल्ली, (आरएनएस)। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में विधानसभा सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए परिसीमन प्रक्रिया के लिए केंद्र को निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया. के पुरुषोत्तम रेड्डी द्वारा दायर इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की बेंच ने इस परिसीमन मामले की सुनवाई की.याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने पीठ के समक्ष कहा कि केवल केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में परिसीमन अभ्यास करना और आंध्र प्रदेश और तेलंगाना को छोड़ना असंवैधानिक था. याचिकाकर्ता के वकील का तर्क था कि वह केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के साथ समानता की मांग कर रहे थे. साथ ही उन्होंने कहा कि वो आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में परिसीमन अभ्यास कराने की मांग पर जोर दे रहे हैं. वहीं इस मामले में केंद्र सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल केएम नटराज ने आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम की धारा 26 का



हवाला दिया. नटराज ने तर्क दिया कि इस प्रक्रिया को साल 2026 की जनगणना तक इंतजार करना होगा.जम्मू-कश्मीर के लिए किए गए परिसीमन अभ्यास की ओर इशारा करते हुए याचिकाकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि इसका परिसीमन आयोग आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम लागू होने के बाद बनाया गया था.याचिकाकर्ता के वकील से पीठ ने ये सवाल किया कि क्या वह यह तर्क दे रहे हैं कि जब भी केंद्र द्वारा परिसीमन अधिनियम के तहत शक्ति का प्रयोग करती है, तो इसे सभी राज्यों पर समान रूप से लागू होना चाहिए।

## पाकिस्तान सेना ने लगातार 7वें दिन किया सीजफायर का उल्लंघन, एलओसी पर गोलीबारी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पाकिस्तानी सेना द्वारा नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर लगातार सातवीं रात संघर्ष विराम का उल्लंघन किया गया है. जम्मू-कश्मीर के तीन सीमावर्ती जिलों में बिना किसी उकसावे के गोलीबारी की गई है, जिसका भारतीय जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया है. यह गोलीबारी सिर्फ़ एलओसी तक सीमित नहीं रही, बल्कि अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर भी हुई.विशेषज्ञों का मानना है कि पाकिस्तान का मुख्य उद्देश्य आतंकवादियों की घुसपैठ को आसान बनाना है. गोलीबारी की आड़ में आतंकवादी सीमा पार कर सकते हैं, और भारतीय सुरक्षाबलों का ध्यान भंग हो सकता है. यह अंदेशा और भी बढ़ जाता है क्योंकि पाकिस्तानी सेना ने कई अग्रिम चौकियों पर अपने झंडे उतार दिए हैं और युद्ध की आशंका में अग्रिम इलाकों में तोपखाने और टैंक तैनात कर दिए हैं।यह गोलीबारी पहलगाम नरसंहार के बाद केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए कूटनीतिक कदमों के प्रति पाकिस्तान की हताशा को दर्शाती है. छह दिनों से लगातार, रुक-रुक कर हो रही इस गोलीबारी ने सीमावर्ती क्षेत्रों में तनाव बढ़ा दिया है. गोलीबारी पुंछ, बारामूला, कुपवाड़ा, बांडीपोरा, राजौरी (सुंदरबनी और नौशहरा), मेंढर, रामपुर उड़ी, टीएमजी, टंगडार और परगवाल जैसे क्षेत्रों में हुई है।

# नितिन गडकरी को राहत, 2019 के नागपुर चुनाव पर बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट ने रखा बरकरार

नई दिल्ली, (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बॉम्बे हाईकोर्ट के उस फैसले को बरकरार रखा है, जिसमें अदालत ने अपने फैसले में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के खिलाफ साल 2019 में नागपुर के उनके चुनाव को चुनौती देने वाली याचिकाओं में से कुछ आरोपों को खारिज कर दिया था. इस फैसले से गडकरी को राहत मिली है.

नितिन गडकरी के नागपुर लोकसभा सीट से साल 2019 में लड़े गए इस मामले की सुनवाई जस्टिस सूर्यकांत और एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने की. पीठ ने कहा कि गडकरी 2024 के आम चुनावों में फिर से इलेक्शन जीत गए. पीठ ने कहा कि वह हाइकोर्ट के अपनाए गए तर्क से सहमत है. पीठ ने कहा, हमें उच्च न्यायालय के आदेश में हस्तक्षेप करने का कोई कारण नहीं दिखता.

इस तरह से कांग्रेस उम्मीदवार नाना फल्गुनराव पटोले और नागपुर निर्वाचन क्षेत्र के मतदाता नफीस खान की याचिका को पीठ ने खारिज कर दिया. याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ के 26 फरवरी, 2021 के आदेश को चुनौती दी थी.

गौर करें तो नितिन गडकरी के खिलाफ दायर चुनाव याचिकाओं को उच्च न्यायालय ने खारिज तो नहीं किया, लेकिन परिवार के सदस्यों की आय और उनके स्वामित्व वाली भूमि के संबंध में उनमें की गई कुछ अन्य बातों को खारिज कर दिया. याचिकाकर्ताओं ने उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय का रुख किया था.

बता दें कि नफीस खान ने आरोप लगाया था कि भोला ने अपना नामांकन पत्र और नामांकन हलफनामे में गलत जानकारी दी है. वहीं नाना फल्गुनराव पटोले ने दावा किया कि चुनाव प्रक्रिया के लिए निर्धारित प्रॉसेस का पालन नहीं किया गया. उधर आदिवासियों ने भी तर्क दिया खा कि उच्च न्यायालय ने अपने फैसले में गलती की.

## पहलगाम हमलाः कई दिन पहले पहुंच गए थे आतंकी, 3 और पर्यटन स्थल थे निशाने पर

नई दिल्ली,(आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की तेजी से जांच हो रही है। इस दौरान कई अहम खुलासे भी हो रहे हैं। अब पता लगा है कि हमले के लिए आतंकी कई दिन पहले ही बैसरन पहुंच गए थे। आतंकवादियों के निशाने पर सिर्फ बैसरन ही नहीं, बल्कि कई और अन्य पर्यटन स्थल भी थे।हमले से पहले आतंकियों ने कम से कम 3 जगहों की रेकी भी की थी।

सूत्रों के हवाले से कहा कि पहलगाम हमले से पहले 15 अप्रैल को आतंकियों ने 3 और जगहों पर रेकी की थी। एक आतंकी ने पहलगाम के एक पार्क की रेकी की थी, लेकिन यहां सुरक्षा-व्यवस्था कड़ी होने की वजह से हमला नहीं किया गया।बैसरन के अलावा पहलगाम की आरु घाटी, एम्यूजमेंट पार्क और बेताब घाटी भी आतंकियों के निशाने पर थी, लेकिन यहां सुरक्षा ज्यादा थी।बैसरन घाटी में हमले के दौरान आतंकी अल्ट्रास्टेट कम्युनिकेशन सिस्टम का इस्तेमाल कर रहे थे। सुरक्षाबलों ने ऐसे 2 उपकरणों के सिग्नल के बारे में पता लगाया है। हमले से पहले 3 ऐसे उपकरण इस क्षेत्र में एक्टिव थे।

# पीएम मोदी ने वेव्स समिट का उद्घाटन किया, कहा- सिनेमा देश की संस्कृति की आवाज है



मुंबई, (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में विश्व दृश्य-श्रव्य एवं मनोरंजन शिखर सम्मेलन, वेव्स 2025 का उद्घाटन किया. यह चार दिवसीय कार्यक्रम 10,000 से अधिक प्रतिनिधियों, 1,000 से अधिक क्रिएटर्स, 300 से अधिक कंपनियों और 350 से अधिक स्टार्टअप्स को एक मंच पर ला रहा है, जिसमें 90 से अधिक देशों की भागीदारी है. कनेक्टिंग क्रिएटर्स, कनेक्टिंग कंट्रीज टैगलाइन वाले इस सम्मेलन का उद्देश्य एंटरटेनमेंट और मीडिया इंडस्ट्री को ग्लोबल स्तर पर बढ़ावा देने है।

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि यह सम्मेलन एक वैश्विक पारिस्थितिकी तंत्र की नींव रख रहा है, जहां कलाकार, निवेशक और नीति निर्माता एक साथ मिलकर काम कर सकते हैं. उन्होंने वेव्स को सिर्फ़ एक संक्षिप्त शब्द नहीं, बल्कि संस्कृति, रचनात्मकता और वैश्विक संपर्क की एक लहर बताया. उन्होंने इस मंच को हर कलाकार और क्रिएटर के लिए समर्पित बताया, जहां नए विचारों और रचनात्मकता को बढ़ावा मिलेगा।

पीएम मोदी ने भारतीय सिनेमा के इतिहास का भी उल्लेख किया. उन्होंने याद दिलाया कि कैसे 112 साल पहले, 3 मई 1913 को, दादासाहेब फाल्के की पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र रिलीज़ हुई थी . उन्होंने कहा कि बीते एक सदी में भारतीय सिनेमा ने देश को दुनिया के कोने-कोने तक पहुंचाया है.पीएम मोदी ने कहा कि आज वेव्स में इस मंच पर हमनें भारतीय सिनेमा के अनेक दिग्गजों को डाक टिकट के माध्यम से याद किया. बीते सालों में मैं कभी गेमिंग की दुनिया के, कभी संगीत की दुनिया के लोगों से, कभी फिल्म निर्माताओं से, कभी स्क्रीन पर चमकने वाले चेहरों से मिला. इन चर्चाओं में अक्सर भारत की रचनात्मकता, और वैश्विक सहयोग की बातें उठती थीं. लाल किले से मैंने सबका प्रयास की बात कही है. आज मेरा ये विश्वास और पक्का हो गया है कि आप सभी का प्रयास आने वाले सालों में वेव्स को नई ऊंचाई देगा।

## बांग्लादेश में पाकिस्तान की आईएसआई की मौजूदगी बढ़ने का संकेत, सीमा पर हाई अलर्ट

नईदिल्ली (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारत का पाकिस्तान के साथ तनाव बढ़ गया है। इस बीच केंद्र ने खुफिया एजेंसियों और सुरक्षा बलों के लिए बांग्लादेश और म्यांमार की सीमाओं पर हाई अलर्ट जारी किया है।

बताया जा रहा है कि बांग्लादेश में पाकिस्तान की आईएसआई और पाकिस्तानी सैन्य अधिकारियों की उपस्थिति बढ़ रही है, जिसको देखते हुए एजेंसियों और सुरक्षा बलों को बांग्लादेश सीमा पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने को कहा गया है।

रिपोर्ट के मुताबिक, पाकिस्तान अपने बांग्लादेशी समकक्षों के साथ वहां मौजूद कट्टरपंथी इस्लामी संगठन के साथ भी रिश्तों को मजबूत कर रहा है।पाकिस्तान इन कट्टरपंथी तत्वों का उपयोग, दोनों देशों के बीच विवाद पैदा होने की स्थिति में भारत के लिए परेशानी बढ़ाने के लिए कर सकता है।

दूसरी तरफ, मुहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली सरकार की कार्यवाहियों से भी भारत अधिक चौकन्ना है।भारत और बांग्लादेश की सीमा पर पहले से स्थिति काफी संवेदनशील है।

# हाईकोर्ट में महाराष्ट्र सरकार ने कहा, बदलापुर एन्काउंटर मामले में शामिल पुलिसकर्मियों के खिलाफ किया जायेगा मामला दर्ज



मुंबई, (ए)। आख़िरकार महाराष्ट्र सरकार ने बॉम्बे हाई कोर्ट में स्वीकार किया है कि वह मुंबई से सटे बदलापुर के एक नामचीन स्कूल में यौन उत्पीड़न मामले के आरोपी अक्षय शिंदे के कथित मुठभेड़ मामले में पुलिस के खिलाफ मामला दर्ज कर रही है। राज्य सरकार ने हाई कोर्ट को आश्वासन दिया कि वह मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी को शिकायतकर्ता बनाकर शनिवार तक मामला दर्ज करने की प्रक्रिया पूरी कर लेगी। सुनवाई में हाई कोर्ट ने कहा, जनता का न्यायपालिका और पुलिस पर विश्वास है, इसे टूटने न दें। हम उम्मीद करते हैं कि अक्षय शिंदे के मामले में क्या हुआ, इसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। हाई कोर्ट ने बदलापुर एन्काउंटर मामले में अवमानना कार्यवाही के लिए राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। एक समय ऐसा लग रहा था कि अवमानना आदेश जारी हो जाएगा, लेकिन राज्य सरकार ने अंततः बदलापुर मुठभेड़ मामले में मुकदमा दायर करने के लिए अपनी तत्परता दिखाई। सरकारी अभियोजकों ने उच्च न्यायालय को बताया कि यद्यपि राज्य सीआईडी से सभी प्रासंगिक दस्तावेज प्राप्त हो चुके हैं, लेकिन मामला दर्ज करने के लिए अक्षय के माता-पिता की लिखित शिकायत आवश्यक है। इसी के तहत अक्षय की मां ने भी हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। हालांकि, हाईकोर्ट ने इसे खारिज कर दिया और उनके बिना ही प्रक्रिया पूरी करने का निर्देश दिया। तदनुसार, उच्च न्यायालय को कहा गया कि अब इस मामले में मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के एक अधिकारी को शिकायतकर्ता बनाकर मामला दर्ज किया जाए। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति डॉ. नीला गोखले की पीठ ने कहा कि 7 अप्रैल को सभी जांच दस्तावेज एसआईटी को सौंपने के आदेश का तीन सप्ताह बाद भी पालन नहीं किया गया है। राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि इन आदेशों को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती दी गई है। उन्होंने उच्च न्यायालय को बताया कि दस्तावेज इसलिए उपलब्ध नहीं कराये गये क्योंकि उन्हें वहां सुनवाई की तारीख नहीं मिल सकी। इसपर हाई कोर्ट ने कहा, जब तक सुप्रीम कोर्ट कोई निर्देश जारी नहीं करता, तब तक आप हमारे आदेशों का पालन करने के लिए बाध्य हैं और यदि ऐसा नहीं होता है, तो यह अदालत की अवमानना है और संबंधित पुलिस अधिकारी अवमानना कार्रवाई के लिए उत्तरदायी हैं। आपको बता दें कि इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रेवती मोहिते-डेरे और न्यायमूर्ति डॉ. नीला गोखले की खंडपीठ के समक्ष चल रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने दिशा निर्देश जारी किए हैं कि यदि किसी अभियुक्त की हिरासत में मृत्यु हो जाए तो क्या किया जाए। अक्षय शिंदे के एनकाउंटर के बाद इन्हीं दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्रवाई की गई है। इसलिए हाई कोर्ट ने इसके लिए अलग से मामला दर्ज करने का आदेश दिया है।

# रुबीना दिलैक का ग्रीन साड़ी में देसी अवतार, झुमके ने खींचा फैंस का ध्यान



टीवी एक्ट्रेस रूबीना दिलैक का फैशन सेंस कमाल का है। उनके स्टाइल के लाखों लोग दीवाने हैं। वह अक्सर सोशल मीडिया पर अपने नए लुक की तस्वीरें शेयर करती रहती हैं। एक्ट्रेस ने अपना लेटेस्ट फोटोशूट इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसे देख फैंस अपना दिल हार बैठे हैं। उनका यह फोटोशूट अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।लेटेस्ट फोटोशूट में रूबीना ग्रीन कलर की साड़ी में नजर आ रही हैं। अपने देसी अंदाज को बेहतरीन बनाने के लिए उन्होंने बालों को खुला रखा है और कानों में हैवी ईयरिंग्स पहने हुए हैं। इन तस्वीरों को शेयर करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा- इश्क और मुश्क छिपाए नहीं छुपता।इस लेटेस्ट फोटोशूट पर एक्ट्रेस निशा रावल ने कमेंट किया- हमेशा प्यार बांटती रहो।एक्ट्रेस आकांक्षा सिंह ने कमेंट में लव इमोजी शेयर किया।वहीं एक यूजर ने कमेंट में लिखा- अनारकली।इससे पहले उन्होंने ब्राउन कलर के गाउन में अपना फोटोशूट शेयर किया था, जिसमें नेट का दुपट्टा उनकी खूबसूरती में चार चांद लगाने का काम कर रहा था। इन तस्?वीरों को शेयर करते हुए रूबीना ने कैप्शन दिया- सुनहरी धूप ने कुछ इस तरह से छुआ... बता दें कि रुबीना दिलैक ने मिस शिमला समेत कई ब्यूटी कॉन्टेस्ट में अवॉर्ड्स अपने नाम किए हैं। एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अधिकारी बनना चाहती थीं। इसके लिए वह चंडीगढ़ में तैयारी भी कर रही थीं। इस दौरान अपनी एक फ्रेंड के कहने पर उन्होंने छोटी बहू सीरियल के लिए ऑडिशन दिया और सेलेक्ट हो गईं। यहां से उन्होंने एक्टिंग में जाने का फैसला किया और सीरियल में राधिका का रोल निभाया।

इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा। वह सास बिना ससुराल, पुनर्विवाह: एक नई उम्मीद, जीनी और जूजू और शक्ति जैसे हिट शो का हिस्सा रही हैं। उन्होंने राजपाल यादव स्टारर फिल्म अर्ध से बॉलीवुड में डेब्यू किया। वह बिग बॉस 16 की विनर भी रही हैं।

## पंचायत की तर्ज पर आ रही है नई वेब सीरीज ग्राम चिकित्सालय, 9 मई को प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम




'पंचायत' की अपार सफलता के बाद अब टीवीएफ (द वायरल फीवर) एक बार फिर ग्रामीण भारत की ज़िंदगी को लेकर दर्शकों के सामने हाज़िर है. इस बार वे लेकर आए हैं एक नई वेब सीरीज 'ग्राम चिकित्सालय', जिसका प्रीमियर 9 मई को अमेज़न प्राइम वीडियो पर किया जाएगा. टीवीएफ ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से इसका पहला पोस्टर शेयर करते हुए लिखा - भातकांडी जाने के लिए तैयार हो जाइए - ग्राम चिकित्सालय ऑन प्राइम, नई सीरीज, 9 मई.पोस्टर में एक ओर जहां एक युवा अधिकारी दिख रहा है, वहीं दूसरी ओर अनुभवी ग्रामीण डॉक्टर की झलक भी दिखाई देती है. साथ ही, पोस्टर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का बैकड्रॉप और ग्रामीण परिवेश इस बात का संकेत देता है कि यह सीरीज स्वास्थ्य व्यवस्था और ग्रामीण भारत की हकीकत को ह्यूमर के साथ दर्शाने वाली है।

# अजय देवगन के साथ ईशा गुप्ता करेंगी धमाल 4 में रोमांस, तीसरी बार आए साथ

**अजय देवगन फिल्म रेड 2 को लेकर सुर्खियों में हैं। उनकी यह फिल्म 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। अजय इन दिनों अपनी इसी फिल्म के प्रचार-प्रसार में जुटे हैं, जिसमें उनकी जोड़ी अभिनेत्री वाणी कपूर के साथ बनी है, वहीं रितेश देशमुख फिल्म के विलेन हैं।उधर अजय की फिल्म धमाल 4 भी सुर्खियां बटोर रही है, जिसमें अब ईशा गुप्ता की एंट्री हो गई है। आइए जानें और अक्या कुछ जानकारी मिली है।रिपोर्ट के मुताबिक, धमाल की चौथी किस्त धमाल 4 में ईशा गुप्ता को एक अहम भूमिका के लिए कास्ट कर लिया गया है।**




वह इस फिल्म में अजय के साथ रोमांस करती दिखेंगी।ईशा को टोटल धमाल में भी देखा गया था, लेकिन इसमें उन्होंने कैमियो किया था। अब वह अपनी यही भूमिका को दोहराती दिखेंगे, लेकिन इस बार उनके किरदार को बढ़ा दिया गया है।फिल्म से संजीदा शेख और अंजली आनंद का नाम पहले ही जुड़ गया था। टोटल धमाल के मुख्य कलाकार अजय देवगन, रितेश देशमुख, अरशद वारसी, जावेद जाफरी, संजय मिश्रा और विजय पाटकर अगली किस्त में भी बने रहेंगे और एक बार फिर अपनी कॉमेडी से दर्शकों को लोटपोट करते दिखेंगे। इस बार फिल्म में रवि किशन और उपेंद्र लिमये की एंट्री हुई है। बीते मार्च में फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी और जून में शूट पूरा होने की उम्मीद है।साल 2026 में यह फिल्म सिनेमाघरों का रुख करेगी। ईशा और अजय ने पहली बार फिल्म बादशाहो में साथ काम किया था, जो साल 2017 में रिलीज हुई थी। मिलन लुथारिया के निर्देशन में बनी इस फिल्म में इलियाना डिक्रूज ने भी अहम भूमिका निभाई थी।

विद्युत जामवाल, इमरान हाशमी और संजय मिश्रा भी इसका हिस्सा थे।90 करोड़ रुपये के बजट में बनी इन फिल्म ने दुनियाभर में 123 करोड़ रुपये कमाए थे।फिल्म को दर्शकों और समीक्षकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी।कॉमेडी फिल्म सीरीज धमाल साल 2007 में रिलीज हुई थी। संजय दत्त, रितेश देशमुख और अरशद वारसी इसका हिस्सा थे। फिल्म ने 50 करोड़ रुपये कमाए थे और इस पर दर्शकों ने खूब प्यार लुटाया था।साल 2011 में फिल्म का सीक्वल डबल धमाल रिलीज हुआ। फिल्म को बॉक्स ऑफिस पर ठीक-ठाक प्रतिक्रिया मिली। इसके बाद साल 2019 में फिल्म टोटल धमाल आई, जिसके हीरो अजय देवगन थे, जो धमाल के चौथे भाग धमाल 4 के साथ लौट रहे हैं।

## पुलकित सम्राट की सुस्वागतम खुशामदीद का टीजर जारी, 16 मई होगी रिलीज

बहुप्रतीक्षित रोमांटिक कॉमेडी सुसावगाथम खुशामदीद का टीज़र आखिरकार रिलीज़ हो गया है -और यह गर्मजोशी, रंग और युवा ऊर्जा से भरा हुआ लग रहा है। धीरज कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म एक दिल को छू लेने वाली अंतर-सांस्कृतिक प्रेम कहानी है, जो आज के समय में ताज़ा और बहुत प्रासंगिक है।



अपनी करिश्माई स्क्रीन उपस्थिति के लिए मशहूर पुलकित सम्राट इस फिल्म में खूबसूरत नवोदित अभिनेत्री इसाबेल कैफ के साथ अभिनय कर रहे हैं। इस जोड़ी की केमिस्ट्री स्वाभाविक और आकर्षक है, जो एक ऐसे प्रेम को जीवंत करती है जो सीमाओं और संस्कृतियों से परे पनपता है।

एकता, आशा और सांस्कृतिक संबंध की पृष्ठभूमि पर आधारित सुसावगाथम खुशामदीद महज एक प्रेम कहानी नहीं है। यह एक अच्छी, रंगीन कहानी है जो हास्य, भावना और सार्थक कहानी कहने का एक सुंदर संयोजन है -जिसे भव्य दृश्यों और आकर्षक संगीत के साथ प्रस्तुत किया गया है।टीजर में एक ऐसी प्रेम कहानी की झलक मिलती है जो एकता और समावेश की भावना पर आधारित है और आज के विभाजित माहौल में एक मजबूत संदेश देती है। हर फ्रेम उत्सव और जुड़ाव की भावना पैदा करता है।श्रवण कुमार अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, धीरज, दीपक धर, अज़ान अली और सुनील राव द्वारा निर्मित, फिल्म का सह-निर्माता जावेद देवरियावाले, अजय बरनवाल, संजय सुराणा, अशफ़ा हसन, सादिया असीम हैं। फिल्म में शानदार कलाकार हैं -साहिल वैद, प्रियंका सिंह, स्वर्गीय ऋतुराज सिंह, मेघना मलिक, स्वर्गीय अरुण बाली, नीला मुलेरकर, मनु ऋषि चड्ढा, प्रशांत सिंह, राजकुमार कनौजिया, मेहुल सुराणा, श्रुति उल्फत और सज्जाद डेलाफ्रोस।फिल्म का संगीत ज़ी म्यूजिक कंपनी के तहत जारी किया जाएगा और यह फिल्म 16 मई 2025 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह रिलायंस एंटरटेनमेंट द्वारा प्रस्तुत प्रस्तुति है, जिसका निर्माण इनसाइट इंडिया, एंडेमोल शाइन इंडिया, येलो एंट प्रोडक्शंस, शुरभि एंटरटेनमेंट, अज़ान एंटरटेनमेंट और यू एंटरटेनमेंट के सहयोग से किया गया है।

## टिकट के दाम घटाने के बावजूद नहीं बढ़ी ग्राउंड जीरो की कमाई, जानें 5वें दिन का कारोबार



इमरान हाशमी इन दिनों फिल्म ग्राउंड जीरो को लेकर चर्चा में हैं। उनकी यह फिल्म 25 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई।फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, लेकिन इसे दर्शकों ने सिरे से नकार दिया है। इसका कारोबार लाखों में सिमट गया है।आलम यह फिल्म है कि टिकट के दाम कम करने के बाद भी ग्राउंड जीरो की कमाई में उछाल नहीं आया।आइए जानें बॉक्स ऑफिस पर फिल्म का पांचवें दिन क्या हाल रहा।बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, ग्राउंड जीरो ने अपनी रिलीज के पांचवें दिन यानी पहले मंगलवार को 63 लाख रुपये का कारोबार किया। इसी के साथ अब तक भारत में इसकी कुल कमाई 6.46 करोड़ रुपये हो चुकी है।ग्राउंड जीरो ने 1.15 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी।दूसरे दिन यह फिल्म 1.9 करोड़ रुपये और तीसरे दिन 2.15 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। चौथे दिन इसने 63 लाख रुपये कमाए।ग्राउंड जीरो का निर्देशन तेजस प्रभा विजय देओस्कर ने किया है, जिन्हें रकुल प्रीत सिंह की छत्रीवाली के लिए जाना जाता है।

# संतरे से ज्यादा विटामिन-सी से भरपूर होती हैं ये 5 चीजें, डाइट में करें शामिल



विटामिन-सी एक ऐसा पोषक तत्व है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने से लेकर त्वचा को स्वस्थ रखने तक में अहम भूमिका निभाता है। आमतौर पर लोग विटामिन-सी के लिए संतरे का सेवन करते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि संतरे के मुकाबले कुछ खान-पान की चीजों में इससे कई ज्यादा विटामिन-सी होता है। आइए आज हम आपको ऐसे ही कुछ खाद्य पदार्थों के बारे में बताते हैं, जिनमें संतरे की तुलना में ज्यादा विटामिन-ष्ट होता है।

### शिमला मिर्च

शिमला मिर्च एक सब्जी है, जो विभिन्न रंगों में उपलब्ध होती है और इसमें विटामिन-सी की भरपूर मात्रा पाई जाती है।

100 ग्राम शिमला मिर्च में लगभग 80 मिलीग्राम विटामिन-सी होता है, जबकि 100 ग्राम संतरे में केवल 53 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है।

शिमला मिर्च में मौजूद विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने और त्वचा को स्वस्थ रखने में मदद करता है। इसके अतिरिक्त इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट भी होते हैं।

### ब्रोकली

ब्रोकली एक ऐसा सब्जी है, जिसमें संतरे से ज्यादा विटामिन-सी होता है।100 ग्राम ब्रोकली में लगभग 90 मिलीग्राम विटामिन-सी होता है, जबकि 100 ग्राम संतरे में लगभग 53 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है।ब्रोकली का सेवन कैंसर के जोखिम को कम करने, हृदय रोगों से बचाने और पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने में मदद कर सकता है।इसके अतिरिक्त यह एंटी-ऑक्सीडेंट का एक बेहतरीन स्रोत है।

### कीवी

कीवी एक स्वादिष्ट फल है, जो संतरे से कहीं ज्यादा विटामिन-सी से समृद्ध होता है।100 ग्राम कीवी में लगभग 92 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है, जबकि 100 ग्राम संतरे में केवल 53 मिलीग्राम विटामिन-सी होता है।कीवी में मौजूद विटामिन-सी रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने और त्वचा को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभाता है।इसके अतिरिक्त यह फल पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और हृदय रोगों के जोखिम को कम करने में भी सहायक है।

### पपीता

पपीता एक ऐसा फल है, जिसमें विटामिन-सी की भरपूर मात्रा होती है और इसमें लगभग 60 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है।इसके अतिरिक्त पपीता में पाचक एंजाइम पापेन भी मौजूद होता है, जो पाचन क्रिया को सुधारने में मदद कर सकता है।पपीता एक ऐसा फल है, जो न केवल स्वादिष्ट है, बल्कि स्वास्थ्य के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। इसलिए इसे अपनी डाइट में शामिल करना अच्छा हो सकता है।

### अमरूद

अमरूद एक ऐसा फल है, जो विटामिन-सी के साथ-साथ फाइबर और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर होता है।100 ग्राम अमरूद में लगभग 228 मिलीग्राम विटामिन-सी पाया जाता है, जबकि 100 ग्राम संतरे में केवल 53 मिलीग्राम विटामिन-सी होता है।अमरूद का सेवन रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूती देने, पाचन तंत्र को स्वस्थ रखने और त्वचा को निखारने में मदद कर सकता है। इसके अतिरिक्त इसमें मौजूद एंटी-ऑक्सीडेंट शरीर को मुक्त कणों से होने वाले नुकसान से भी बचाते हैं।

# गर्मियों के दौरान रोजाना एक गिलास नारियल का दूध पीने से मिल सकते हैं ये फायदे



गर्मी का मौसम अपने साथ कई समस्याएं लेकर आता है। इस मौसम में लू, पानी की कमी, चक्कर आना और सिरदर्द जैसी परेशानियां हो सकती हैं।इन समस्याओं से बचने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पीना जरूरी है, लेकिन रोजाना एक गिलास नारियल का दूध पीने से भी शरीर को ठंडक मिल सकती है। आइए जानते हैं कि गर्मियों के दौरान डाइट में नारियल का दूध शामिल करने से क्या-क्या फायदे मिल सकते हैं।

### शरीर को ठंडक देने में है सहायक

नारियल का दूध प्राकृतिक रूप से ऐसे तत्वों से भरपूर होता है, जो शरीर में पानी के स्तर को संतुलित रखने में मदद कर सकते हैं।इसके अलावा इसमें मौजूद पोटेशियम और मैग्नीशियम जैसे खनिज शरीर को ठंडक देने में सहायक होते हैं।यही नहीं, नारियल के दूध का सेवन करने से शरीर में पानी की कमी नहीं होती है, जिससे डिहाइड्रेशन से बचा जा सकता है।

### वजन को नियंत्रित करने में है प्रभावी

नारियल का दूध वजन को नियंत्रित करने में भी मदद कर सकता है। इसका कारण है कि इसमें ऐसे फैटी एसिड होते हैं, जो शरीर को अतिरिक्त कैलोरी जलाने में मदद कर सकते हैं।इसके अलावा नारियल का दूध लंबे समय तक पेट को भरा हुआ महसूस करवाने में मदद करता है, जिससे आप अनहेल्दी स्नैक्स खाने से बच सकते हैं और वजन को नियंत्रित कर सकते हैं।

### पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में है कारगर

नारियल का दूध पाचन क्रिया को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है।इसका कारण है कि यह मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे खनिजों से भरपूर होता है, जो पाचन एंजाइम के उत्पादन को बढ़ाकर पाचन को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं।

नारियल का दूध पाचन को सुचारू रखने में सहायक होता है। इसलिए रोजाना एक गिलास इसका सेवन करें।

### हृदय को स्वस्थ रखने में है मददगार

नारियल का दूध हृदय को स्वस्थ रखने में भी मदद कर सकता है।

इसमें मौजूद फैटी एसिड हानिकारक कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करके अच्छे कोलेस्ट्रॉल के स्तर को संतुलित करने में मदद कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त यह मैग्नीशियम और पोटेशियम जैसे खनिजों से भरपूर होता है, जो हृदय को स्वस्थ रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं।

हालांकि, हृदय रोगी डॉक्टरी सलाह के बाद ही इसका सेवन करें।

### त्वचा के लिए भी है लाभदायक

नारियल का दूध त्वचा के लिए भी फायदेमंद साबित हो सकता है।

यह त्वचा को नमी देने और पोषण देने में मदद कर सकता है। इसके अलावा इसमें मौजूद फैटी एसिड त्वचा को मुलायम बनाने में मदद कर सकते हैं।

लाभ के लिए नारियल के दूध को रूई से चेहरे पर लगाएं और 10 से 15 मिनट के बाद चेहरे को साफ कर लें।

# भारत से तनाव के बीच ट्रंप के सामने गिड़गिड़ाया पाकिस्तान, बोला- हम बड़े देश से नहीं लड़ सकते



नई दिल्ली(ए)। पहलगाम में हुए हमले के बाद पाकिस्तान अपनी साख बचाने के लिए दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर हुआ पड़ा है। वहीं, अब पाकिस्तान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पैरों में गिर गया है। पाकिस्तान के राजदूत ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से अनुरोध किया है कि वे कश्मीर में हुए घातक हमले के मद्देनजर पड़ोसी भारत के साथ बढ़ते तनाव को कम करने में मदद करें। उन्होंने साफ किया है कि वह अपने से बड़े देश यानी कि भारत के साथ लड़ाई करना नहीं चाहता है।अमेरिका में पाकिस्तान के राजदूत रिजवान सईद शेख ने 'न्यूजवीक' को बताया कि हमारे पास एक राष्ट्रपति है जो इस प्रशासन के दौरान दुनिया में शांति के लिए एक स्पष्ट उद्देश्य के रूप में खड़ा है। एक शांतिदूत के रूप में विरासत स्थापित करना - या किसी ऐसे व्यक्ति के रूप में जिसने युद्धों को समाप्त किया, युद्धों का विरोध किया और विवादों को सुलझाने में भूमिका निभाई। मुझे नहीं लगता कि कश्मीर के रूप में कोई उच्च या आकर्षक फ्लैशपॉइंट है, विशेष रूप से परमाणु शब्दों में। अमेरिकी मैगजीन को दिए इंटरव्यू में पाकिस्तानी राजदूत ने कहा, हम पड़ोसी के एक या दो देशों के बारे में बात नहीं कर रहे हैं जो परमाणु-सक्षम हैं। इसलिए, यह बहुत गंभीर है। अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में अपने उद्घाटन भाषण में ट्रंप ने कहा था, मेरी सबसे गौरवपूर्ण विरासत एक शांतिदूत और एकीकरणकर्ता की होगी। ट्रंप के चुनाव के बाद इजरायल और हमास के बीच युद्ध विराम हुआ था, जिसका अब उल्लंघन किया गया है, और वह यूक्रेन और रूस के साथ उनके युद्ध को रोकने के लिए भी बातचीत कर रहे हैं। शेख ने तर्क दिया कि ट्रंप प्रशासन को पाकिस्तान और भारत के बीच उत्पन्न हुए संकटों को कम करने के लिए पिछले अमेरिकी प्रयासों की तुलना में अधिक व्यापक और निरंतर पहल करने की जरूरत होगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि जिस खतरे का हम सामना कर रहे हैं, उसे देखते हुए, स्थिति को संबोधित करने का एक गुप्त अवसर है, न कि सिर्फ तत्काल डी-एस्केलेटरी उपायों पर ध्यान केंद्रित करना। शेख ने कहा, हम लड़ाई नहीं करना चाहते, खास तौर पर किसी बड़े देश के साथ। हम शांति चाहते हैं। यह हमारे आर्थिक एजेंडे के अनुकूल है। यह हमारी राष्ट्रीयता के अनुकूल है। यह हमारे हर उद्देश्य के अनुकूल है। लेकिन हम सम्मान के साथ शांति चाहते हैं।


## पाकिस्तान से तनाव के बीच भारत-अमेरिका में बड़ी डील, पेंटागन ने दी 131 मिलियन डॉलर के सैन्य हार्डवेयर आपूर्ति को मंजूरी

नई दिल्ली(ए.)। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान में चल रहे तनाव के बीच अमेरिका ने नई दिल्ली के साथ बड़ी सैन्य डील की है। अमेरिका ने अपने रणनीतिक संबंधों के अनुरूप भारत को 131 मिलियन अमेरिकी डॉलर मूल्य के महत्वपूर्ण सैन्य हार्डवेयर और रसद सहायता परिसंपत्तियों की आपूर्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। पेंटागन हाउस के इस फैसले से पाकिस्तान में खलबली मचना तय माना जा रहा है।अमेरिकी रीडआउट के अनुसार, पेंटागन के तहत काम करने वाली रक्षा सुरक्षा सहयोग एजेंसी (डीएससीए) ने सैन्य आपूर्ति के लिए आवश्यक प्रमाणन प्रदान कर दिया है और संभावित बिक्री के बारे में अमेरिकी कांग्रेस को सूचित कर दिया गया है। यह प्रस्तावित आपूर्ति विदेशी सैन्य बिक्री मार्ग के माध्यम से भारत-अमेरिका सहयोग से इंडो-पैसिफिक समुद्री डोमेन जागरूकता कार्यक्रम के ढांचे के तहत जुड़ी हुई है। डीएससीए का मिशन साझा चुनौतियों का जवाब देने के लिए विदेशी सुरक्षा बलों की क्षमता का निर्माण करके अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति हितों को आगे बढ़ाना है। दोनों देशों के बीच यह डील होने से भारत-अमेरिका के बीच की रणनीतिक साझेदारी और अधिक मजबूत होगी। अमेरिका द्वारा सैन्य हार्डवेयर की भारत को आपूर्ति के लिए मंजूरी दिए जाने के बाद एक रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने "सी-विज़न सॉफ़्टवेयर, "रिमोट सॉफ़्टवेयर" और "विश्लेषणात्मक सहायता" खरीदने के अलावा "सी-विज़न" दस्तावेज़ों और रसद के अन्य संबंधित तत्वों तक पहुँच का अनुरोध किया है। हालांकि प्रस्तावित आपूर्ति पर भारतीय अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की गई।

## पहलगाम हमलाः भारत अपने ही नागरिकों की मौत पर राजनीति कर रहाः मरियम

### -पाकिस्तानी मंत्री उगल रहे भारत के खिलाफ जहर, लगा रहे गंभीर आरोप

इस्लामाबाद,(ए)। भारत की जवाबी कार्रवाई को लेकर पाकिस्तान में डरा हुआ है। इस बीच पाकिस्तान के मंत्री जहर उगलने वाले बयान दे रहे हैं। इस फेहरिस्त में नया नाम जुड़ गया है मरियम औरंगजेब का।



पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज पार्टी की सीनियर नेता और पंजाब प्रांत की मंत्री मरियम औरंगजेब अपने भारत-विरोधी बयान को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उन्होंने भारत पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि भारत अपने ही नागरिकों की मौत पर राजनीति कर रहा है। साथ ही उन्होंने भारत को गीदड़ भभकी भी दी। उन्होंने कहा कि अगर पाकिस्तान पर हमला किया तो जवाब तुरंत और मुंहतोड़ मिलेगा।

मरियम औरंगजेब ने यह बयान जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुई एक घटना को लेकर दिया, जिसमें पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने 28 लोगों की हत्या कर दी थी। पाक मीडिया के मुताबिक उन्होंने कहा कि पाकिस्तान इस मामले में पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने के पक्ष में है, लेकिन भारत इस मुद्दे को राजनीतिक रंग दे रहा है। मरियम पाकिस्तान की सत्तारूढ़ पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज़ की सीनियर नेता हैं। वे पूर्व पीएम नवाज शरीफ की बेहद करीबी हैं और पहले पाकिस्तान की सूचना एवं प्रसारण मंत्री रह चुकी हैं। उनकी मां ताहिरा औरंगजेब भी लंबे समय तक पाकिस्तान की सांसद रहीं।

## इस देश में 'खसरे' ने मचाया कहर, एक साथ 700 से अधिक लोग बीमार; प्रशासन की चिंता बढ़ी

न्यूयॉर्क (ए)। अमेरिका ने 25 साल पहले खसरे को खत्म करने की घोषणा की थी, लेकिन पश्चिमी टेक्सास में इस बीमारी के बढ़ते प्रकोप ने एक बार फिर से चिंताएं बढ़ा दी हैं। मीडिया ने बताया कि पश्चिमी टेक्सास में खसरे के रोगियों की संख्या बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, जनवरी के अंत में शुरू हुए खसरे से टेक्सास में 700 से अधिक लोग बीमार हो गए, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इतना ही नहीं, यह अन्य राज्यों में भी फैल गया है। खसरे ने अमेरिका में एक दशक से अधिक समय में पहली बार जान ली है।कुछ सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञों और महामारी वैज्ञानिकों का कहना है कि यह प्रकोप एक साल से अधिक समय तक चल सकता है, जिससे अमेरिका का खसरा-मुक्त दर्जा खतरे में पड़ सकता है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिका ने साल 2000 में व्यापक टीकाकरण अभियानों के बाद यह उपलब्धि हासिल की थी, जिसमें अधिकांश बच्चों को खसरा, कण्ठमाला और रूबेला या एमएमआर वैक्सीन दी गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, खसरा तब खत्म माना जाता है जब किसी देश में कम से कम 12 महीने तक मजबूत निगरानी प्रणाली के तहत स्थानीय स्तर पर इसका प्रसार न हो। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र (सीडीसी) के अनुसार, कोई बीमारी तब स्थानिक होती है, जब वह किसी आबादी में नियमित रूप से मौजूद रहती है।

## युद्ध की आहट से कांप रहा हाफिज सईद ने बढ़वा लिया सुरक्षा का घेरा



इस्लामाबाद(ए)। भारत पाकिस्तान के बीच जंग की आहट सुनाई दे रही है। इससे पहले ही आतंकी हाफिज सईद डर के कारण कांप रहा है। खुद को महफूज करने के लिए उसने अपनी सुरक्षा व्यवस्था और बढ़ा ली है। खबर है कि पाकिस्तान की सरकार और खुफिया एजेंसी आईएसआई ने आतंकवादी हाफिज सईद की सुरक्षा बढ़ा दी है। हालांकि, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। 22 अप्रैल को जम्मू और कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने 26 पर्यटकों की गोली मारकर हत्या कर दी थी। इसके बाद से ही भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पर भी तनाव जारी है। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को कोवर्ट ऑपरेशन का डर है। स्पेशल सर्विस ग्रुप के पूर्व कमांडोज को सईद की सुरक्षा में लगाया गया है। इसके अलावा लाहौर स्थित मोहल्ला जोहार वाले घर समेत उसके आवासों के पास सुरक्षा के लिए अतिरिक्त लोग लगाए गए हैं। कहा जा रहा है कि जानबूझकर उसे ऐसे इलाके में रखा गया है, जहां बड़ी संख्या में आम पाकिस्तानी रहते हैं। सईद लश्कर-ए-तैयबा का फाउंडर है। वह साल 2008 में हुए मुंबई बम धमाकों का मास्टरमाइंड है और सरकार को उसकी तलाश है। इसके अलावा सईद अमेरिका में वॉन्टेड है।

### लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने दी धमकी

हाल ही में कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने भी पहलगाम आतंकवादी हमले का बदला लेने की बात कही थी। खबर है कि गैंग ने सोशल मीडिया पर सईद की फोटो शेयर की थी और धमकी दी थी कि पाकिस्तान में बड़ा निशाना बनाया जाएगा। रिपोर्ट के अनुसार, सईद फिलहाल दस्तावेजों में जेल में हैं और उसके घर को उपजेल में बदल दिया गया है। स्थानीय मीडिया के मुताबिक एक किमी के रेडियस में गतिविधियों पर नजर रखने के लिए सीसीटीवी कैमरा लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी कंट्रोल रूम के जरिए की जा रही है। आतंकवादियों को फंडिंग करने के 7 मामलों में सईद दोषी साबित हुई है।

## भारत के एक और दुश्मन ने कहा- युद्ध हुआ तो पाकिस्तान का साथ देंगे

ओटावा(ए)। भारत का नमक खाकर, भारत की मिट्टी में पला बढ़ा गुरपतवंत सिंह पन्नू अपनी जन्म भूमि के साथ गद्दारी में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। पन्नू का कहना है कि अगर दोनों देशों के बीच युद्ध छिड़ता है, तो इंडियन पंजाब पाकिस्तान का साथ देगा। इससे पहले भी अलगाववादी ने पाकिस्तान के समर्थक की बात कही थी। साथ ही दावा किया था कि भारतीय सेना को हमला करने के लिए पंजाब पार नहीं करने दिया जाएगा। इससे पहले एसएफजे यानी सिख्स फॉर जस्टिस के प्रमुख पन्नू ने पाकिस्तान का साथ देने की बात कही है। उसने कहा, यह न 1965 और न 1971 है... आज है 2025 है। मैं पाकिस्तान की आवाम को भरोसा दिलाता हूं कि हम पाकिस्तान के साथ ईंट की तरह खड़े हैं। कोई भारतीय सेना की इतनी हिम्मत नहीं होने देंगे कि वो पंजाब पार कर पाकिस्तान पर हमला करे। क्योंकि पाकिस्तान का नाम ही पाक है। पन्नू ने कहा, यहां पाकिस्तान को समझने की जरूरत है, सिख समझ चुके हैं।

# खेल समाचार

## महिला टी-20 विश्व कप 2026ः 12 जून से इंग्लैंड में आगाज, लॉर्ड्स में होगा फाइनल

नई दिल्ली, (आरएनएस)। इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा आयोजित महिला टी-20 विश्व कप 2026 का आयोजन इंग्लैंड में 12 जून से 5 जुलाई तक किया जाएगा। इस टूर्नामेंट का फाइनल ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड, लंदन में 5 जुलाई को खेला जाएगा। यह महिला टी-20 विश्व कप का दसवां संस्करण होगा, जिसमें पहली बार 12 टीमें हिस्सा लेंगी। टीमें 2 समूहों में विभाजित होंगी, प्रत्येक समूह में 6 टीमें होंगी। प्रत्येक टीम अपने समूह की अन्य सभी टीमों के साथ मुकाबला करेगी। इंग्लैंड महिला क्रिकेट टीम मेजबान होने के कारण पहले ही टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई कर चुका है। इसके अलावा, 2024 महिला टी-20 विश्व कप की शीर्ष 5 टीमें भी सीधे क्वालीफाई कर चुकी हैं।एक अतिरिक्त टीम आईसीसी महिला टी-20 टीम रैंकिंग के आधार पर चुनी जाएगी। शेष 4 स्थान विश्व कप क्वालिफायर के माध्यम से निर्धारित किए जाएंगे। 2024 महिला टी-20 विश्व कप का खिताब न्यूजीलैंड महिला क्रिकेट टीम ने अपने नाम किया था।2026 महिला टी-20 विश्व कप का आयोजन इंग्लैंड के 7 प्रतिष्ठित स्टेडियम- लॉर्ड्स, ओल्ड ट्रैफर्ड, हेडिंग्ले, एजबेस्टन, हैम्पशायर बाउल, द ओवल और ब्रिस्टल काउंटी ग्राउंड में होगा।टूर्नामेंट की शुरुआत शुक्रवार, 12 जून से होगी और यह 24 दिनों तक चलेगा। इस दौरान कुल 33 मुकाबले खेले जाएंगे। इस आयोजन का उद्देश्य महिला क्रिकेट को वैश्विक खेल मंच पर और अधिक मजबूती से स्थापित करना है और खेल में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना है।

## पंजाब ने चेन्नई को हराकर प्लेऑफ से किया बाहर, चहल ने ली हैट्रिक

### -अय्यर-प्रभसिमरन ने लगाए अर्धशतक

चेन्नई ,(आरएनएस)। पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2025 के 49वें मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया है. इस जीत के साथ पंजाब किंग्स की टीम प्वाइंट्स टेबल में 10 मैचों में 6 जीत 3 हार और एक बेनतीजा मैच के साथ 13 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं और प्लेऑफ में जगह बनाने के करीब पहुंच गई है. वहीं चेन्नई सुपर किंग्स की टीम 10 मैचों में 8 हार के साथ 4 प्वाइंट्स लेकर 10वें स्थान पर हैं. इस हार के साथ ही सीएसके की टीम आधिकारिक तौर पर प्लेऑफ की रेस से बाहर हो चुकी है।

इस मुकाबले में पंजाब किंग्स ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. चेन्नई सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.2 ओवर में 10 विकेट खोकर 190 रन बनाए. पंजाब ने जीत के लिए मिलते 191 रनों के लक्ष्य को 19.4 ओवर में 6 विकेट खोकर हासिल कर लिया और मैच को 4 विकेट से अपने नाम कर लिया. इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला. पंजाब के लिए प्रभसिमरन और प्रियांश आर्य ने पारी की शुरुआत की. प्रियांश 23 रन बनाकर आउट हुए. प्रभसिमरन ने 36 बॉल में 5 चौके और 3 छक्कों के साथ 54 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली. उनके अलावा कप्तान श्रेयस अय्यर ने भी हाफ सेंचुरी लगाई. अय्यर ने 41 बॉल में 5 चौके 4 छक्कों की मदद से 74 रनों की नाबाद पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. चेन्नई के लिए खलील अहमद और मथीशा पथिराना ने 2-2 विकेट लिए जबकि नूर अहमद, रविंद्र जडेजा ने 1-1 विकेट हासिल किया.इससे पहले चेन्नई सुपर किंग्स ने 190 रन बनाए. सीएसके के लिए सैम करन ने सबसे ज्यादा रन बनाए. करन ने 47 बॉल में 9 चौके और 4 छक्कों के साथ 88 रनों की पारी खेली. उनके अलावा डेवाल्ड ब्रेविस ने 26 बॉल में 2 चौके और 1 छक्के के साथ 32 रनों का योगदान दिया. पंजाब किंग्स के लिए चहल के अलावा मार्को जानसेन और अर्शदीप सिंह ने 2-2 विकेट हासिल किए।

## आईपीएल में आज गुजरात टाइटंस और सनराइजर्स हैदराबाद में होगी टक्कर

### शाम 7:30 बजे से होगा मुकाबला




अहमदाबाद (ए)। आईपीएल में शुक्रवार को गुजरात टाइटंस अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला करेगी। गुजरात का लक्ष्य अपने घरेलू मैदान पर जीत के साथ ही पिछले मैच में मिली हार से उबरकर प्लेऑफ की अपनी दावेदारी मजबूत करना रहेगा। पिछले मैच में 14 साल के वैभव सूर्यवंशी की तूफानी बल्लेबाजी के कारण उसे राजस्थान रॉयल्स के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। गुजरात की टीम का प्रदर्शन इस सत्र में अब तक काफी अच्छा रहा है, ऐसे में अब वह सनराइजर्स के खिलाफ मैच में जीत की प्रबल दावेदार है। दूसरी ओर सनराइजर्स हैदराबाद की टीम इस सत्र में बल्लेबाजी और गेंदबाजी हर क्षेत्र में उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पायी है। ऐसे में उसे इस मैच में जीत के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। सनराइजर्स सनराइजर्स की राह इसलिए भी कठिन नजर आती है क्योंकि उसकी ताकत बल्लेबाजी है जिसमें ही वह अब तक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पायी है। वहीं गुजरात ने अब तक अच्छी बल्लोजी और गेंदबाजी की है। उसके पास शुभमन गिर और साई सुदर्शन जैसे बल्लेबाज हैं। सुदर्शन ने इस सत्र में अब तक सबसे अधिक रन बनाये हैं।

गुजरात टीम नौ मैचों में छह जीत के साथ 12 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। उसे बाकी पांच मैचों में से सिर्फ दो जीतने होंगे जिससे की प्लेआफ में पहुंचने के लिए उसे 16 अंक मिल जायें। गुजरात के सुदर्शन ने अब तक पांच अर्धशतक समेत 456 रन बनाये हैं। वहीं शुभमन ने 389 और जोस बटलर ने 406 रन बनाए हैं।

## विजेंदर की पोस्ट से वैभव की उम्र पर उठे सवाल

नई दिल्ली (ए)। 14 साल की उम्र में आईपीएल में अपनी आतिशी बल्लेबाजी से धूम मचाने वाले क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी की उम्र पर फिर सवाल उठे हैं। इसका कारण है कि पूर्व भारतीय मुक्केबाज विजेंदर सिंह ने अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा है कि अब उम्र की धोखाधड़ी क्रिकेट में भी हावी हो गयी है। आयु धोखाधड़ी का मतलब गलत तरीके से उम्र कम करके खेलना है। ये आम तौर पर तब होता है जब जूनियर स्तर पर या उस स्तर पर जगह बनाने किया जाता है जहां एक तय उम्र की बात होती है हालांकि बीसीसीआई ने इस मामले को हल करने के लिए सख्त सत्यापन प्रक्रियाओं सहित कई कदम भी उठाए हैं। ओलंपिक पदक विजेता विजेंदर ने सोशल मीडिया में लिखा, आज कल उम्र छोटी कर भी लोग क्रिकेट में भी खेलने लगे हैं।

## बिहार में 'खेलो इंडिया यूथ गेम' का आयोजन, खिलाड़ियों ने जताई खुशी



मोतिहारी (ए)। बिहार में पहली बार 'खेलो इंडिया यूथ गेम 2025' कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। राजधानी पटना समेत प्रदेशभर में पांच जगहों पर इसका आयोजन होगा। कार्यक्रम में 27 तरह के खेलों का प्रदर्शन होगा। कार्यक्रम में भाग लेने वाले खिलाड़ियों ने बुधवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से बात करते हुए अपने अनुभव साझा किए। 'खेलो इंडिया यूथ गेम कार्यक्रम' का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वर्चुअली करेंगे। मोतिहारी के खेल भवन में तलवारबाजी का प्रैक्टिस कर रहे सभी खिलाड़ी इस कार्यक्रम में अपने खेल का प्रदर्शन करेंगे। लड़कियां भी बेहतर प्रदर्शन करने के लिए तैयारी कर रही हैं। पूरे बिहार से करीब 24 खिलाड़ियों का चयन हुआ है, जिसमें पटना से 2, बेतिया से 1, नालंदा से 7 और मोतिहारी से सर्वाधिक 14 खिलाड़ी शामिल हैं। सभी खिलाड़ी खेलो इंडिया कार्यक्रम में तलवारबाजी के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महिला खिलाड़ी ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा, बिहार पहली बार खेलो इंडिया यूथ गेम की मेजबानी कर रहा है। पीएम मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से खुद इसका उद्घाटन करेंगे, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहेंगे। ऐसे में टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन होने वाला है। मोतिहारी में तलवारबाजी का कैंप लगा हुआ है, जहां पर बच्चे खूब प्रैक्टिस कर रहे हैं। बिहार में खेलों को खूब बढ़ावा मिल रहा है।

## चेन्नई को हराने के बाद पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर पर लगा बड़ा जुर्माना

चेन्नई, (आरएनएस)। पंजाब किंग्स ने 30 अप्रैल को खेले गए मैच में चेन्नई सुपर किंग्स को 4 विकेट से हरा दिया. इस हार के साथ जहां सीएसके प्लेऑफ की रेस से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है वहीं पंजाब अंक तालिका में 13 प्वाइंट्स के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गई है और प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के करीब खड़ी है.

मैच के बाद पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर पर बड़ा जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम को धीमी ओवर गति का दोषी पाया गया. चूंकि यह पंजाब का पहला अपराध था, इसलिए अय्यर पर आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस के 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।

आईपीएल ने एक बयान में लिखा, पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर जुर्माना लगाया गया है, क्योंकि उनकी टीम ने बुधवार को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ टाटा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मैच 49 के दौरान धीमी ओवर-रेट बनाए रखी. चूंकि यह आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत उनकी टीम का सीजन का पहला अपराध था, जो न्यूनतम ओवर-रेट अपराधों से संबंधित है, इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।



धीमी ओवर गति की ही वजह से पंजाब को 19वें ओवर की शुरुआत से पहले सर्कल के अंदर एक अतिरिक्त क्षेत्ररक्षक लाने के लिए भी मजबूर होना पड़ा. इससे पहले, लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, गुजरात टाइटन्स के शुभमन गिल, दिल्ली कैपिटल्स के अक्षर पटेल, राजस्थान रॉयल्स के संजू सैमसन, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के रजत पाटीदार और मुंबई इंडियंस के हार्दिक पांड्या को इस सीजन में धीमी ओवर-रेट अपराधों के लिए दंडित किया जा चुका है।

मैच की बात करें तो युजवेंद्र चहल के 4-32 की बदौलत पंजाब ने सीएसके को 190 पर रोक, फिर पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर के 72 (41) और प्रभसिमरन सिंह के 54 (36) रनों की बदौलत पीबीकेएस ने दो गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया।

श्रेयस अय्यर ने 41 गेंदों पर पांच चौकों और चार छक्कों की मदद से 72 रन बनाकर अहम भूमिका निभाई. मैच के बाद अय्यर ने कहा, %मुझे किसी भी मैदान पर लक्ष्य का पीछा करना पसंद है. मुझे लगता है कि जब भी बोर्ड पर बड़ा स्कोर होता है तो मैं बेहतर प्रदर्शन करता हूं और आपको टीम के लिए जिम्मेदारी और गति की जरूरत होती है ताकि बाकी बल्लेबाज पूरी ताकत से खेल सकें।

अय्यर इस सीजन शानदार फॉर्म में हैं और वो अब तक 10 मैचों में, 51.42 की औसत और 180.90 की स्ट्राइक-रेट से 360 रन बनाए हैं, जिसमें अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ नाबाद 97 रन उनका सर्वोच्च स्कोर रहा है. पंजाब किंग्स का अगला मैच अब रविवार, 4 मई को धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में ऋषभ पंत की लखनऊ सुपर जायंट्स से होगा।

## कल 09 मई तक विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति रहेगी बंद

नर्मदापुरम (निप्र)। प्रबंधक शहर जोन-1 म.प्र.म.क्षे.वि.वि.कं.लि. नर्मदापुरम ने बताया कि 03 मई से 09 मई 2025 तक 11 केव्ही लाईन का मेंटेनेंस किया जाना है, जिससे विभिन्न क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। बताया गया कि 03 मई 2025 को प्रात: 08:00 से दोपहर 12:00 बजे तक




मंगलवारा सबस्टेशन के क्षेत्र अंतर्गत मंगलवारा सबस्टेशन क्षेत्र अंतर्गत जुमेराती, काली मंदिर, राजा मोहल्ला, बी.टी.आई., भीलपुरा, बसंत टाकीज, कोरी मोहल्ला, गुरुकुल एवं अन्य संबंधित क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

इसी तरह 05 मई 2025 को बालागंज सबस्टेशन अंतर्गत फूटा कुआं, राठौर मार्ग, बालागंज, रवि शंकर मार्केट, लेंडिया मैदान एवं अन्य संबंधित क्षेत्रों, 06 मई 2025 को हिलव्यूहोम सबस्टेशन अंतर्गत साई हेवन, साई ग्रीन सिटी, हिल व्यू हाम, साई सिटी, मारूती नगर, डबल फाटक, सीयाराम नगर, रेवा सिटी, ग्लोबल पार्क, ग्लोबल लेक, विनायक रेसिडेंसी, रेवा व्लू, साई. दर्शन, साई किरण, फेफरताल आदि क्षेत्र, 07 मई 2025 को ग्वालटोली सबस्टेशन अंतर्गत सिंधी कालोनी, किरन होटल, नुक्कड़ चौक, काली मंदिर, लश्कर चौक, नर्मदा कालोनी, आदमगढ़, बंगाली कालोनी एवं अन्य संबंधित क्षेत्र,08 मई 2025 को आनंद नगर सबस्टेशन अंतर्गत विक्रम नगर, हनुमान नगर, न्यू हनुमान नगर, राघव नगर, अभिषेक नगर, राधे हाइट, राम नगर, चंदन नगर, गोपालकुंज, मारुति नगर, आर्शीवाद नगर, आशुतोष नगर, बंजारा टाउन, ग्लोबल ग्रीन आदि क्षेत्र तथा 09 मई 2025 को रसूलिया सबस्टेशन अंतर्गत विक्रम नगर, सरस्वती नगर, कंचन नगर, प्रताप नगर, फौजदार कालोनी, ग्राम रसुलिया, बागाली कालोनी, संजय नगर, महिमा नगर, वर्मा कालोनी, आदि क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

## स्व. अक्षय दीक्षित के पिता ने कहा कि मेरे पुत्र की मौत के पीछे षडयंत्र की आशंका लगती है, गंभीरता पूर्वक जांच होना चाहिए

### पुलिस जांच में यह लिखा गया कि उसका दाहिना पैर गायब था, जबकि उसका पैर सही सलामत



नर्मदापुरम (निप्र)। स्व. अक्षय दीक्षित की मृत्यु पर अभी तक अनेक सवाल उठ रहे हैं। उनके पिता समाजसेवी अरूण दीक्षित तथा उनके मित्रों ने कहा कि उक्त घटना को लेकर षडयंत्र की आशंका है।क्योंकि जो बयान सामने आ रहे हैं। उनमें अनेक विसंगतियां हैं। पुलिस की जांच भी शक के दायरे में है। क्योकि पुलिस द्वारा एक बैर गायब होना बताया गया जबकि उसके दोनो पैर सही सलामत थे। उक्त मामले में जिस वाहन में स्व. अक्षय दीक्षित के साथ जो लोग थे उनमें सीएमएओ डॉ दिनेश देहलवार, डॉ रोहित शर्मा व एक अन्य साथी शामिल रहे। डॉ देहलवार व डा शर्मा के बयान के अनुसार जानवर के सामने आने के कारण वाहन दुर्घटनाग्रस्त् हुआ। पुलिस ने द्वारा उसका उल्लेख नहीं करते हुए सिर्फ तेज गति से वाहन चलाने का उल्लेख किया गया है। जिससे एलआईसी के दुर्घटना हित लाभ का भुगतान रोक दिया गया। पुलिस ने पंचनामा रिपोर्ट नहीं दी है। श्री दीक्षित ने बताया कि इस घटना की जांच के लिए पुलिस महानिरीक्षक, व पुलिस अधीक्षक को आवेदन दिया गया था। लेकिन पुलिस ने जांच आवेदन को शिकायत आवेदन मानकर संबंधित डाक्टर के बयान लेकर प्रकरण को खात्मा रिपोर्ट के साथ प्रस्तुत कर दिया गया। स्व. अक्षय दीक्षित के पिता अरूण दीक्षित का कहना है कि दुर्घटना से संबंधित अगर पुलिस द्वारा समय पर सही तरीके से जांच की जाती तो निश्चित ही अक्षय की मृत्यु पर उठ रहे सवाल का समाधान किया जा सकता था।

### 14 बिंदुओं पर जांच की मांग

सीएमएचओ अक्षय को घायल अवस्था में छोड़कर घटना स्थल से क्यों चले गए? अक्षय स्वयं वाहन चला रहा था वाहन पलटने पर दाहिनी तरफ गिरना था लेकिन 50 फीट दूर बायीं तरफ घायल अवस्था में मिला? अक्षय को वाहन पलटने पर हाथ पैर मुंह में चोट लगना था। लेकिन उसके शरीर के सम्मुख कोई चोट नहीं सिर्फ पीछे सिर में गंभीर चोट लगना सवाल पैदा करती है। वाहन का मुआयना करने पर एक बूंद भी खून की नजर नहीं आई फिर सिर में चौट कैसे आई? ऐसा लगता है कि एक कमरे में बैठकर बयान लिए गए जो आपत्तिजनक हैं। बयान प्रथक प्रथक स्थान पर होना था। रोहित शर्मा घटना स्थल से 20 फीट दूर गिरे मिले वाहन के तीनों गेट लाक थे एवं रोहित शर्मा आगे की शीट पर बैठे थे फिर वे बाहर आकर कहां गिरे? बताया कि अक्षय कांच फूटने पर बाहर गिरा जबकि स्टेयरिंग एवं छत के बीच मात्र 12 इंच का अंतर था फिर 6 फिट का अक्षय कैसें बाहर निकल सकता है? डा देहलवार के द्वारा एम्बूलेंस की व्यवस्था या फस्ट् एड की व्यवस्था की जा सकती थी। लेकिन नहीं की। डॉ शर्मा बाबई रोड पर एक अस्पताल का निर्माण करा रहे थे अक्षय ने दौड़ धूप कर डॉ शर्मा की श्रीमती के नाम करीब साड़े 4 करोड़ का लोन स्वीकृत कराया था। डा देहलवार भी अप्रत्यक्ष रूप से साझेदारी नजर आती है। अक्षय से प्रामिस किया गया था कि अस्पताल के डायरेक्टर रहोगे। उसने संपूर्ण ढांचा तैयार करवाया था। घटना के दौरान साथ रहे इन लोगों ने सहानुभूति के दो शब्द तक नहीं किए। जिससे शंका लाजमी है। डोलरिया थाने की पुलिस ने बताया था कि वाहन का मुंह होशंगाबाद तरफ था जबकि वाहन में बैठे अक्षय के मित्रों का कहना है कि हम सिवनी बानापुरा जा रहे थे। अलग अलग बयान से शंका हो रही है। जब तीनों गेट लाक थे तो तीनों लोग कहां से बाहर आए? अपने आपको बेहोशी की हालत बताने वाले वीडियो वायरल करने के उपरांत एवं वाहन में अंधेरा होने पर लाइट जलाकर मोबाइल उठाना शंका की स्थिति को पैदा करता है। वाहन पलटने पर तीनों को कोई चोट नहीं आई यही भी शंका उत्पन्न करता है।

## नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध की गई एफआईआर



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में अब तक 13 व्यक्तियों के विरुद्ध नरवाई जलाने पर एफआईआर की कार्रवाई की गई है। साथ ही 23 अप्रैल से 27 अप्रैल तक तहसील बनखेड़ी, होशंगाबाद, इटारसी, पिपरिया एवं सिवनी मालवा के विभिन्न ग्रामों में नरवाई जलाने के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि नर्मदापुरम जिले में नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया गया है एवं किसानों को समय-समय पर किसान कार्यशाला एवं किसान खेत पाठशाला आयोजित कर नरवाई ना जलाने के लिए प्रेरित एवं जागरूक भी किया जाता रहा है, इसके बावजूद कुछ लोगों द्वारा नरवाई जलाने की घटना की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 अप्रैल 2025 से 27 अप्रैल 2025 तक नरवाई जलाने के 10 प्रकरण सामने आए है। बनखेड़ी के ग्राम देवरी में नरवाई जलाने का एक प्रकरण सामने आया है। इसी क्रम में होशंगाबाद के होरिया पिपर में एक, इटारसी के छिपी खापा में एक, छितापुरा में दो, काला आखर में दो, टांगना में एक प्रकरण सामने आया है। पिपरिया के खैरी कला में एक, सिवनी मालवा के बलाक में एक प्रकरण सामने आया है। नरवाई जलाने के 10 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। जिला प्रशासन ने नरवाई जलाने की घटना को गंभीरता से लेते हुए दोषी व्यक्ति संतोष यादव, गोपाल साहू पिता जयराम , मनोज चौरे पिता देवकीनंदन चौरे, राधे श्याम पिता डालू, गंभीर पिता राधे श्याम, शिव नारायण पिता राधे श्याम, मिश्रीलाल पिता जमुना, चतर सिंह पिता नानक राम, अन्ना पिता ज्ञान सिंह, जंडेल कौरव पिता हरिराम कौरव, काशीराम कौरव पिता भगवान दास कौरव, आशीष कौरव पिता जंडेल कौरव एवं अजय रघुवंशी के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है।

## अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर सीवेज प्लांट रसूलिया नर्मदापुरम में निर्माण श्रमिकों हेतु विधिक जागरुकता शिविर का किया गया आयोजन




नर्मदापुरम (निप्र)। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में एवं सचिव/ न्यायाधीश विजय कुमार पाठक एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह की उपस्थिति मे गुरूवार 01 मई 2025 को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिको हेतु श्रम विभाग के साथ संयुक्त समन्वय से सीवेज प्लांट रसूलिया नर्मदापुरम में निर्माण श्रमिकों हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर मे न्यायाधीश/ सचिव विजय कुमार पाठक द्वारा श्रम दिवस मनाने का कारण, उद्देश्य एवं संवैधानिक अधिकार, न्यूनतम मजदूरी, समान मजदूरी, ई श्रमिक कार्ड योजना, कर्मचारी क्षतिपूर्ति अधिनियम, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, आयुष्मान कार्ड आदि लाभकारी योजनाओ के संबंध मे विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय सिंह द्वारा नि:शुल्क विधिक सहायता, गैर संगठित क्षेत्र के मजदूरों के सशक्तिकरण एवं श्रमिकों के कानूनी अधिकार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा श्रमिको के लिए संचालित योजनाओं तथा श्रमिकों हेतु शासन द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। श्रम अधिकारी सुश्री वर्षा इपाचे द्वारा म.प्र.भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल तथा म.प्र.असंगठित (ग्रामीण एवं शहरी)कर्मकार कल्याण मंडल की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। (सीएससी) कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से शिविर दिनांक को ही श्रमिकों का पंजीयन कर ई-श्रम कार्ड सचिव के द्वारा वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन श्रम निरीक्षक सुश्री सरिता साहू द्वारा किया गया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ. खंपरिया सम्मानित



नर्मदापुरम(निप्र)। समेरिटंस विद्यालय सांदीपनी परिसर के खेल प्रभारी सचिन खंपरिया को गत दिवस उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। उनको संस्था के डायरेक्टर डा आशुतोष कुमार शर्मा ने ट्राफी और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। ज्ञात रहे कि श्री खंपरिया के कार्यकाल में इस वर्ष भी विद्यालय के खिलाड़ी विद्यार्थियों ने विभिन्न खेल स्पर्धाओं में बेहतर इरादर्शन करते हुए कई पदक प्राप्त किए। उनकी उपलब्धि पर प्राचार्य श्रीमती प्रेरणा रावत आरके सिंह राजेंद्र रघुवंशी आदि ने उन्हें बधाई दी।

## श्री मनु तुलसी स्मृति मंच द्वारा प्रतिभाओं के सम्मान के साथ सजी गीत संगीत की संध्या



नर्मदापुरम( निप्र)। श्री मनु तुलसी स्मृति मंच नर्मदापुरम के तत्वावधान में गुरूवार को श्री मनु तुलसी स्मृति सम्मान एवं काव्य गीत गोष्ठी का आयोजन डॉ गोपाल प्रसाद खड्डुर के मुख्यातिथ्य व नगर पं गिरिमोहन गुरू की अध्यक्षता में सरगम संस्था के सभागार में आयोजित हुआ। वरिष्ठ साहित्यकार संस्था अध्यक्ष जगदीश वाजपेयी विरही के द्वारा संस्था के द्वारा बीते 25 वर्षों से किए जा रहे आयोजन पर प्रकाश डालते हुए मजदूर दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए गए। पं गिरि मोहन गुरू द्वारा रचित शंकराचार्य चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। वरिष्ठ समाजसेवी गायक नित्येंद्र कुमार शर्मा माखन नगर से पधारी कवयित्री कीर्ति प्रदीप वर्मा, डॉ मनीषा तिवारी, विचारक शिक्षिका श्रीमती रेखा रतनानी संस्था सहसचिव बाबूलाल कदम, पत्रकार बलराम शर्मा, गीतकार प्रदीप दुबे, डॉ हरिओम दीक्षित के द्वारा काव्य रचनाएं प्रस्तुत की गई। इस मौके पर वरिष्ठ पत्रकार बलराम शर्मा, सुधीर व्यास, कवियत्री डॉ मनीषा तिवारी, कवि साहित्यकार हरिओम दीक्षित, विचारक, शिक्षिका श्रीमती रेखा रतनानी, संगीतज्ञ सोहन सिंह चौहान, डॉ मयंक तोमर का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम आयोजक संयोजक श्रीमती राधा लोटन सिंह राजोरिया संस्था अध्यक्ष जगदीश वाजपेयी सचिव वरिष्ठ साहित्यकार पत्रकार ज्योतिषाचार्य पं पंकज पटेरिया सह सचिव साहित्यकार बाबूलाल कदम के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पं खड्डुर ने कहा कि राजोरिया दंपत्ति के द्वारा यह रचनात्मक कार्यक्रम बीते 25 वर्षों से किया जा रहा है। श्री राजोरिया के द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर काव्य रचना प्रस्तुत की। संचालन श्री कदम ने तथा आभार प्रदर्शन श्री राजोरिया ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शहर के साहित्यकार पत्रकार, व नागरिक मौजूद रहे।

## नरवाई जलाने वालों पर जुर्माना की राशि अधिरोपित की गई

नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले में खेत की नरवाई जलाने वालो पर लगातार जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। नरवाई जलाने वाले व्यक्तियों पर जुर्माना की राशि अधिरोपित की गई है। जिला प्रशासन द्वारा नरवाई जलाने वालों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। कृषक प्रकाश चंद पिता मनोहर लाल ग्राम मूढापार द्वारा अपने दो एकड़ के खेत की नरवाई जलाने पर प्रकाश चंद पर 2500 रुपए की जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई है। इसी क्रम में ग्राम समोन के बृजमोहन दुबे पिता रघुनंदन दुबे पर 5000 रुपए की, ग्राम मूढापार के शुभम पिता दामोदर, अमन पिता दामोदर एवं अंकित पिता दामोदर पर 2500 रुपए की राशि, मूढापार के शुभम उर्फ वेदांत पिता विनय कुमार शर्मा पर 5000 हजार की राशि, ग्राम समोन के उदित दुबे पिता राजेंद्र प्रसाद दुबे पर 2500 रुपए की राशि, समोन के अक्षय दीवान पिता दिनेश दीवान पर 2500 रुपए की जुर्माने की राशि अधिरोपित की गई है। इसके अतिरिक्त माखन नगर तहसील के विभिन्न ग्रामों के 6 व्यक्तियों पर द्वारा नरवाई जलाने पर 20 हजार रुपए की जर्माने की कार्रवाई अधिरोपित की गई है।

## युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 08 मई को

नर्मदापुरम( निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 08 मई 2025 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आई.टी.आई.) नर्मदापुरम में किया जाएगा। रोजगार एवं स्वरोजगार में छात्र-छात्राओं को निजि क्षेत्र में रोजगार एवं स्वरोजगार हितधारकों के लिये स्टॉल लगाये जायेंगे। जिला रोजगार अधिकारी ने उक्त जानकारी देते हुए कहा है कि रोजगार के इच्छुक युवक एवं युवतियां https://forms.gle/yyyxesvYhkvCrRBF| पर अपना पंजीयन कर सकते है।

## जिले में गेहूं खरीदी कार्य सुचारु रूप से जारी

### 32759 किसानों से 349988 मीट्रिक टन गेहूं का हुआ उपार्जन



नर्मदापुरम( निप्र)। शासन के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में 15 मार्च से जिले के ई उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत 64988 किसानों से समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी का कार्य किया जा रहा है। आज दिनांक को 7475 मे.ट स्कंद का उपार्जन हुआ।जिला आपूर्ति अधिकारी रश्मि साहू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि जिले में स्थापित 171 उपार्जन केन्द्रो पर आज दिनांक तक कुल 41826 किसानों के द्वारा अपना स्लॉट बुक किया गया है जिनमे से 167 केंद्रों पर 32759 किसानों से 349988 मीट्रिक टन की खरीदी की जा चुकी है। जिसकी भुगतान योग्य राशि 909.97 करोड़ है। जिसके विरुद्ध 832.73 करोड़ रुपए की राशि भुगतान हेतु बैंको को ट्रांसफर की गई है। उन्होंने बताया कि परिवहन व्यवस्था को भी सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल उपार्जित स्कंद के विरुद्ध 335957 मीट्रिक टन (97.47%) मात्रा का परिवहन किया जा चुका है। वर्तमान में 336539 मीट्रिक टन उपज की मात्रा स्वीकृत हो चुकी है और WHR (वेयरहाउस रसीद) के अंतर्गत 263040 मीट्रिक टन संग्रहित की गई है।

## ताकू प्रूफ रेंज मे कलेक्टर और सेना के अधिकारियों की मुलाकात: सामरिक समन्वय और विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम




नर्मदापुरम (निप्र)। आज ताकू प्रूफ रेंज में कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना और सेना के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच एक महत्वपूर्ण मुलाकात हुई। यह बैठक न केवल प्रशासनिक समन्वय को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण थी, बल्कि क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण के लिए भी कारगार होगी। इस दौरे का मुख्य उद्देश्य रेंज के आसपास निवास कर रहे ग्रामीणों और सेना के बीच आपसी समन्वय और सहयोग को मजबूत करना और आपसी तालमेल और समझ को बेहतर करना था ।इस दौरान कलेक्टर के साथ इटारसी एसडीएम टी प्रतीक राव और तहसीलदार श्रीमती प्रियंका भलावी एवं श्री शक्ति तोमर उपस्थित रहे। प्रूफ रेंज में कर्नल तकनीकी जितेंद्र कृष्णैया ने सभी अधिकारियों को 105 एमएम आई एफ जी 120 एमएम मोर्टार और बोफोर्स की फायरिंग दिखाई और उसके बाद ग्रामीणों और कर्मचारियों को होने वाली समस्या से सभी को अवगत कराया जिसमें प्रूफ रेंज में ग्रामीणों द्वारा किया गया अतिक्रमण, फायरिंग के दौरान गलत तरीके से रेंज में आवाजाही की जानकारी दी। प्रूफ रेंज की सड़क की खस्ता हालत के बारे में भी जानकारी दी गई। प्रूफ रेंज में पानी की समस्या भी हमेशा बनी रहती है जिसके स्थायी निवारण के लिए भी कर्नल कृष्णैया ने सकारात्मक प्रयास के लिए बात की।

प्रूफ रेंज में इंटरनेट और मोबाइल नेटवर्क आदि समस्याओं से प्रशासन को अवगत कराया एवं आयुध अधिनियम तहत त्वरित अनुमतियों हेतु अनुरोध किया गया। कलेक्टर द्वारा सभी मुद्दों पर जल्द ही कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया । सभी अधिकारियों ने सीपीई में सिविल कर्मचारियों और सेना के एक साथ मिलकर गोलाबारूद और तोपों के प्रूफ कार्य को इतने बड़े स्तर पर करने पर सराहना की।कलेक्टर और सेना के अधिकारियों की चर्चा के माध्यम से सामरिक समन्वय और संयुक्त प्रयासों को बल मिलेगा और क्षेत्र की समस्याओं का समाधान होगा।

## रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को सौंपे गए दायित्व

नर्मदापुरम (निप्र)। कलेक्टर सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय, नर्मदापुरम द्वारा शिक्षित बेरोजगार युवक/युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए युवा संगम रोजगार एवं स्वरोजगार मेला का आयोजन 08 मई 2025 को शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (ITI) नर्मदापुरम में किया जाएगा। तत्संबंध में कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा रोजगार मेले के सुचारु आयोजन हेतु अधिकारियों को दायित्व सौंप उनकी ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर सुश्री मीना द्वारा रोजगार मेला का संपूर्ण प्रभार का दायित्व श्रीमती बबीता राठौर डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम को सौंपा है। तथा रोजगार मेला के आयोजन संबंधी अन्य कार्यो एवं व्यवस्थाओं के लिए भी अधिकारियों को दायित्व सौंपा गया है।

## एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा के माध्यम से आवेदन आमंत्रित

नर्मदापुरम( निप्र)। प्राचार्य एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय केसला भरगदा नर्मदापुरम ने बताया कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, केसला में कक्षा 7वीं, 8वीं और 9वीं में अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए प्रवेश परीक्षा के माध्यम से रिक्तियों को भरा जाना है। विद्यार्थी द्वारा आवेदन करने के लिए आवेदन प्रपत्र विद्यालय की वेबसाइट www.emrskesla.com से डाउनलोड किए जा सकते हैं या विद्यालय से कार्यालय समय में प्राप्त किए जा सकते हैं। आवेदन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, केसला (भरगदा) में जमा करने की अंतिम तिथि 6 मई 2025, दिन मंगलवार शाम 5:00 बजे के लिए निर्धारित की गई है। प्राचार्य एकलव्य आइदर्श आवासीय विद्यालय केसला भरगदा नर्मदापुरम ने बताया कि प्रवेश परीक्षा EMRSLT-2025 दिनांक 10 मई 2025, दिन शनिवार को प्रात: 10-00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक एकलव्य विद्यालय केसला (भरगदा) में आयोजित की जाएगी। कक्षा 8वीं में अनुसूचित जनजाति के लिए बालिका 2, बालक 1 एवं कक्षा 9वीं मे अनुसूचित जनजाति के लिए बालिका 1 रिक्तयां है।

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम ( होशंगाबाद ) से प्रकाशित।
स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com